

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 174

ग्वालियर, शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### मंत्री गडकरी ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए समयबद्ध, पारदर्शी और त्वरित निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए समयबद्ध, पारदर्शी और त्वरित निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया। सीआईआई की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामूहिक टीम भावना और सभी हितधारकों के योगदान के कारण, यहां तक ??कि कोविड महामारी में भी अच्छे परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे पास प्रति दिन 38 किलोमीटर बनाने का विश्व रिकॉर्ड है, लेकिन उनका लक्ष्य प्रति दिन 100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करना है। मंत्री ने कहा कि परियोजना की तीन गुना से अधिक की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने का निर्णय लिया है। गडकरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से प्रेजेंटेशन प्राप्त हुए हैं और तीन महीने में एक ठोस नीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अब एक साल के भीतर दिल्ली से देहरादून दो घंटे में, दिल्ली से हरिद्वार दो घंटे में, दिल्ली से चंडीगढ़ दो घंटे में और छह महीने के भीतर दिल्ली से जयपुर डेढ़ घंटे में जाना संभव होगा। मंत्री ने कहा कि नई सड़कें और हरित संपर्क बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### राज्यसभा में हंगामे पर केंद्रीय मंत्रियों की मोर्चाबंदी, विपक्ष पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (ए)।** राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे के बाद मोदी सरकार ने विपक्ष को जवाब देने का इरादा साफ कर दिया है। इसी के मद्देनजर मोदी सरकार के 7 मंत्रियों ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस समेत विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी, मुख्तार अब्बास नकवी, भूपेंद्र यादव, अनुराग ठाकुर, अर्जुन मेघवाल, और मुरलीधरन शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोग सोचते हैं कि सरकार मुद्दे सदन में उठाए, लेकिन विपक्ष ने ऐसा नहीं होने दिया। उन्हें किसी चीज की फिक्र नहीं थी। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। जिस तरह से काम में रुकावट बनने का काम विपक्ष ने किया है, उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने नारायण साई को दो हफ्ते का फर्लो देने के आदेश पर लगाई पाबंदी

**नई दिल्ली (ए)।** देश की सर्वोच्च अदालत ने कथित संत आसाराम बापू के बेटे नारायण साई को दो हफ्तों का फर्लो देने के गुजरात हाईकोर्ट के आदेश पर गुरुवार को पाबंदी लगा दी। साई दुष्कर्म के एक मामले में दोषी है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने गुजरात सरकार की याचिका पर नारायण साई को नोटिस दिया। इस याचिका में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर सुनवाई के लिए दो हफ्ते बाद का समय दिया है। गुजरात उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 24 जून को नारायण साई को फर्लो की मंजूरी दी थी। इससे पहले दिसंबर 2020 में हाई कोर्ट ने साई की मां की तबीयत खराब होने के कारण उसे फर्लो दी थी। सूरत की एक अदालत ने नारायण साई को 26 अप्रैल 2019 को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म), 377 (अप्राकृतिक अपराध), 323 (हमला), 506-2 (आपराधिक धमकी) और 120-बी (षड्यंत्र) के तहत दोषी ठहराया था।

आत्मनिर्भर नारी शक्ति से पीएम मोदी का संवाद

# PM ने महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 1625 करोड़ जारी किए 10 लाख की बजाय 20 लाख का कर्ज बिना गारंटी मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'आत्मनिर्भर नारी शक्ति' से संवाद कार्यक्रम में वर्चुअली हिस्सा ले रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मास्टर कृषि सखी (सीआरपी) चंपा सिंह भी संवाद किया। चंपा सिंह ने प्रधानमंत्री से अपने आत्मनिर्भर होने की कहानी बताई। चंपा सिंह जैविक खेती व कृषि तकनीकी के लिए प्रोत्साहन के लिए लंबे समय से काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि कैसे उन्होंने जैविक खेती कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। चंपा सिंह ने बताया कि शुरुआत में कुछ समय मुझे संघर्ष करना पड़ा लेकिन कृषि सखी बनने के बाद मेरी जान-पहचान बढ़ने लगी। चंपा की बात सुनकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चंपाजी, आपने बता दिया कि नारी जब सशक्त होती है तो सिर्फ परिवार ही नहीं, पूरा समाज सशक्त



होता है। गौरतलब है कि चंपा सिंह मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले की रहने वाली है और कम लागत वाली कृषि तकनीकी व जैविक कृषि प्रोत्साहन के लिए कार्य कर रही हैं। जिले में चंपा सिंह अपनी मेहनत के कारण महिला सशक्तिकरण की पर्याय बन चुकी हैं। जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील के एक छोटे से गांव में रहने वाली चंपा ने कम समय में जो सफलता हासिल की, वो दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकती है, यही कारण है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें संवाद करने का मौका मिल रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना में जिस प्रकार से हमारी बहनों ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देशवासियों की सेवा की वो अभूतपूर्व है। मास्क और सैनिटाइजर बनाना हो, जरूरतमंदों तक खाना पहुंचाना हो, जागरूकता का काम हो, हर प्रकार से आपकी सखी समूहों का योगदान अतुलनीय रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो हमने देखा कि देश की करोड़ों बहनें ऐसी थीं जिनके पास बैंक खाता तक नहीं था, जो बैंकिंग सिस्टम से कोसों दूर थीं। इसलिए हमने सबसे पहले जनधन खाते खोलने का बहुत बड़ा अभियान शुरू किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महिलाओं में उद्यमशीलता का दायरा बढ़ाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में अधिक भागीदारी के लिए आज बड़ी आर्थिक मदद जारी की गई है। फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यम हो, महिला किसान उत्पादक संघ हो या फिर दूसरे स्वयं सहायता समूह, बहनों के ऐसे लाखों समूहों के लिए 1,600 करोड़ रुपये से अधिक राशि भेजी गई है। आजादी के 75 वर्ष का ये समय नए लक्ष्य तय करने और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का है।

राज्यसभा में टूटी मर्यादा

# सदन में हाथापाई करते दिखे मार्शल-सांसद; सिक्योरिटी अधिकारियों ने कहा- सांसदों का बर्ताव बहुत आक्रामक था

नई दिल्ली, एजेंसी

हंगामे के चलते राज्यसभा अनिश्चितकाल तक स्थगित होने के अगले दिन गुरुवार को सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। राज्यसभा में मंगलवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच मार्शल बुलाने पड़ गए थे। इसी को लेकर गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 15 विपक्षी दलों के साथ संसद से विजय चौक तक मार्च निकाला। आरोप लगाया कि सरकार ने सदन में लोकतंत्र की हत्या की। इसके बाद देर शाम संसद में तैनात सिक्योरिटी अधिकारियों का बयान सामने आया। उन्होंने बताया कि सांसदों का बर्ताव बेहद आक्रामक था। सिक्योरिटी असिस्टेंट अक्षिता भट ने बताया कि कुछ पुरुष सांसद जो प्रदर्शन में शामिल थे, मेरी तरफ दौड़े और सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की।



उन्होंने कहा कि जब मैंने इसका विरोध किया, तो सांसद छाया वर्मा और फूलो देवी नेताम एक तरफ हट गईं और पुरुष सांसदों को वेल तक पहुंचने का का रास्ता दिया। अक्षिता ने कहा कि दोनों महिला सांसदों ने सुरक्षा घेरा तोड़ने में साथी पुरुष सांसदों की मदद की। उन्होंने जबरदस्ती मेरी बांहें पकड़ ली और मुझे घसीटा।

### मेरी गर्दन पकड़ी, कुछ पल के लिए घुटन हुई: सुरक्षा अधिकारी

सिक्योरिटी अधिकारी राकेश नेगी ने बताया कि 11 अगस्त को मुझे राज्यसभा में मार्शल ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। इस दौरान सांसद एलमारन करीम और अनिल देसाई ने सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की। सांसद एलमारन करीम ने मेरी गर्दन पकड़ ली और मुझे सुरक्षा घेरे से दूर करने लगे। इससे मुझे कुछ पल के लिए घुटन होने लगी।

### सरकार के मंत्रियों ने विपक्ष को घेरा

दोपहर में सरकार के 8 मंत्रियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और विपक्ष के हर आरोप का सिलसिलेवार ढंग से जवाब दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी, सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, धर्मेंद्र प्रधान, अनुराग ठाकुर, अर्जुन मेघवाल और वी मुरलीधरन यानी 8 मंत्रियों ने 48 मिनट तक जवाब दिया।

डरते हुए कहा- 2 लोगों ने जबर्दस्ती की

# त्रिलोकपुरी इलाके में 6 साल की दलित लड़की से गैंगरेप, रोते हुए घर पहुंची



नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में बुधवार रात 6 साल की दलित बच्ची से दो लोगों ने गैंगरेप किया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। परिवार ने पुलिस पर स्नढ्ढक्र दर्ज करने में टालमटोल करने का आरोप लगाया है। बच्ची की एक रिश्तेदार ने बताया, 'वह रोते हुए घर आई। हाथ उसी की फॉक से बांध दिए गए थे। उसने कहा कि उसे चोट लगी है। प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। दोबारा पूछा तो उसने कहा- दो लोगों ने मेरे साथ जबर्दस्ती की है। दुष्कर्मियों ने जुबान खोलने पर परिवार वालों को जान से मार देने की धमकी दी थी।'

### पुलिस पर टालमटोल करने का आरोप

बच्ची के परिजन का आरोप है कि दिल्ली पुलिस स्नढ्ढक्र दर्ज करने में टालमटोल कर रही थी। उनका कहना था कि इससे परिवार की बदनामी हो जाएगी। हालांकि, पुलिस का दावा है कि घटना के तुरंत बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई थी।

### दो हफ्ते में ऐसी दूसरी घटना

दिल्ली में बीते दो सप्ताह में नाबालिग दलित से रेप की यह दूसरी घटना है। इससे पहले कैंट के नांगल गांव में दलित बच्ची से दुष्कर्म हुआ था। उसका बुधवार दोपहर में ही अंतिम संस्कार किया गया। श्मशान में बने मंदिर के पुजारी पर दुष्कर्म का आरोप है। इस घटना के विरोध में यहां अभी भी प्रदर्शन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।

### आरोपी शादीशुदा पड़ोसी है

डीसीपी प्रियंका कश्यप के मुताबिक, बच्ची का देर रात मेडिकल कराया गया। उसकी हालत ठीक है। ऐसे में उसे अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया। उसका बयान लिया गया है। 34 साल के एक पड़ोसी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शादीशुदा है।

### इलाके में कुछ ही घर दलितों के


जिस इलाके में बलात्कार की ये घटना हुई है वहां दलितों के गिने-चुने घर हैं। अधिकतर लोग दक्षिण भारतीय हैं जो लंबे समय से यहां रहते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार आरोपी भी दक्षिण भारतीय ही है।

# शनिवार का लॉकडाउन खत्म करने के साथ ही कोविड प्रोटोकॉल को लेकर अलर्ट: सीएम योगी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रदेश के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 20 नए मामले सामने आए हैं। जबकि 43 लोग कोरोना से ठीक होकर डिस्चार्ज हुए हैं। यूपी में इस समय कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या महज 545 रह गई है। राज्य में कोरोना के अब तक 17,08812 केस सामने आए थे जिसमें से 16,85492 रिकवर हो चुके हैं। राज्?य में अब कोरोना संक्रमण की वजह से 22775 लोगों को जान गंवानी पड़ी है। यूपी में शनिवार का लॉकडाउन खत्म



करने के लिए सीएम योगी ने बुधवार को कोविड-19 प्रबंधन के लिए बनी टीम-09 के अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिया था। इसके बाद गृह विभाग ने विस्तृत गाइडलाइन जारी की। बैठक में सीएम ने राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ सलाहकार समिति की अनुशंसाओं के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के बाद माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक और व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में 50 फीसदी क्षमता के साथ पठन-पाठन शुरू करने का निर्देश दिया। स्कूल-कालेजों को खोलने का निर्देश देते हुए सीएम ने कहा कि सभी जगह कक्षाएं दो पाली में चलें। कोविड प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा जाए। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कक्षा छह से आठवीं तक की कक्षाओं में नए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए।



'संसद घेराव' संसद के भीतर दलितों, किसानों और नौजवानों की आवाज नहीं उठाने दी जा रही

# जनता की आवाज तूफान बनेगी, यहीं तूफान पीएम मोदी को पद से हटाएगा: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश के संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग की ओर से आयोजित 'संसद घेराव' कार्यक्रम में कहा कि विपक्ष को संसद के भीतर दलितों, किसानों और नौजवानों की आवाज नहीं उठाने दी जा रही है।कार्यक्रम दिल्ली में कथित दुष्कर्म एवं हत्या के मामले की पीड़ित बच्ची के लिए न्याय की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आयोजित हुआ था। राहुल गांधी ने कहा,आजादी से पहले हमारे दलित भाई-बहनों को अंधेरे में रखा जाता था, उन्हें उनका हक नहीं दिया जाता था। संविधान आने के बाद उन्हें उनका अधिकार मिला। कांग्रेस और बाबासाहेब ने मिलकर दलित भाई-बहनों को उनका अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया, नरेंद्र मोदी, भाजपा, आरएसएस और उनके चार-पांच उद्योगपति मित्र मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। जहां भी देखिए, वहां संविधान पर हमला हो रहा है।''



राहुल गांधी ने कहा, संसद में हम किसानों, दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के मुद्दे उठाने पर हमें बात नहीं करने दी जाती। देश के इतिहास में पहली बार संसद के अंदर सांसदों को पीटा गया, धक्का-मुक्की की गई। उन्होंने कहा, किसान जब अपने अधिकार मांगते हैं,तब नरेंद्र मोदी जी उन्हें देशद्रोही और खालिस्तानी बोलते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, छोटे एवं मझौले कारोबारों को नष्ट कर दिया गया।हमारी सरकार से मांग थी कि जनता को सीधे पैसा दीजिए। लेकिन मोदी जी ने सिर्फ अपने कुछ उद्योगपतियों को पैसे दिए, बाकी लोगों को कुछ नहीं दिया।उन्होंने कहा, देश की जनता को सब कुछ समझ में आ रहा है। दलितों, गरीबों, किसानों और मजदूरों में एक आवाज सुनाई दे रही हैं। एक दिन यह आवाज तूफान बन जाएगी और यही तूफान नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के पद से हटाएगा।'' राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधकर कहा, महात्मा गांधी और बाबासाहेब ने सिर्फ एक बात सिखाई है कि डरना नहीं है। जिस दिन हिंदुस्तान इनसे डरना बंद कर देगा, उस दिन ये भाग जाएंगे।'' कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष नितिन राउत ने कहा, दलितों के साथ अत्याचार के खिलाफ राहुल गांधी और कांग्रेस लड़ रहे हैं। दिल्ली की बच्ची को न्याय के लिए लड़ाई लड़ी जा रही है। दलित समाज भाजपा की हकीकत समझ चुका है और इन्हें सबक सिखाएगा।''

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस पर मंदिरा की दुकानें रहेंगी बंद



शिवपुरी। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2021 को शुष्क दिवस घोषित होने के कारण जिले की सभी मंदिरा की दुकाने पूर्णतः बंद रहेगी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित होने के कारण जिले की समस्त देशी-विदेशी मंदिरा की फुटकर दुकानें, देशी मंदिरा बोटलिंग ईकाई सीएस 1-बी एवं देशी-विदेशी मदिरा मद्य भाण्डागार तथा एफ.एल-3, 6, 7 दुकानें पूर्णतः बंद रखी जाकर मंदिरा की बिक्री प्रतिबंधित की जाती है।

### सीईओ और एडीएम ने किया ग्राम कुपरेडा का निरीक्षण



शिवपुरी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एचपी वर्मा और एडीएम उमेश शुक्ला ने गुरुवार को जनपद पंचायत पोहरी के ग्राम कुपरेडा का भ्रमण किया। बाढ़ प्रभावित ग्राम कुपरेडा में ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान पोहरी एसडीएम भी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने गांव में पेयजल, लाइट, राशन वितरण आदि का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में जिला प्रशासन की पूरी टीम आपके साथ खड़ी है।स्थानीय स्तर पर कार्यरत टीम को निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों को हर संभव मदद दी जा रही है। आपदा ग्रस्त परिवारों को 50 किलो गेहूं का वितरण किया जा चुका है। ग्रामीणों द्वारा समस्या बताए जाने पर स्टार्टर लगाने के निर्देश मौके पर दिए।

### आपदा में नष्ट हुए घर, पोहरी में 41 परिवारों को राहत राशि स्वीकृत

शिवपुरीद्ध अतिवृष्टि के कारण जिले में आई आपदा में कई परिवारों के मकान नष्ट हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐसे परिवारों को राहत देते हुए तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की है। पोहरी में ऐसे ही 41 परिवारों को राहत राशि दी गई है तहसीलदार पोहरी सत्येंद्र गुर्जर ने बताया कि बाढ़ के कारण जिन परिवारों के घर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए उन्हें तत्काल 6 हजार रुपये की राहत राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत कुल 41 परिवारों को मदद दी गई है। इसके अलावा तिमाउंनी ग्राम के पहलवान यादव को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि आपदा ग्रस्त क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे लगभग पूरा हो गया है और आपदा से प्रभावित ग्रामीणों को राहत राशि प्रदान की जा रही है। टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किया फसलों का निरीक्षण



**शिवपुरीद्ध** जिले में हुई अतिवर्षा उपरांत शिवपुरी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों बीलारा, सिरसौद, सिंहनिवास, ठरा, रातौर इत्यादि में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह एवं डॉ.एम.के. भार्गव एवं सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी पी.पी.शर्मा द्वारा फसल स्थिति का निरीक्षण किया गया।

भ्रमण किये गये क्षेत्र में सोयाबीन, मूंगफली टमाटर, कद्दू, धान, उड़द, अजवाइन, तिल इत्यादि फसलों का अवलोकन किया गया। अवलोकन में कृषकों द्वारा कीटों के प्रकोप के संबंध में शंका का समाधान करते हुए उन्हें अवगत कराया गया है कि सोयाबीन एवं मूंगफली की फसल में वर्तमान में कीट-व्याधि का प्रकोप फसल में आर्थिक हानिकारक स्तर से कम एवं नगण्य है अतः अनावश्यक रूप से कीटनाशक दवाओं का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है भविष्य में कीटों का प्रकोप बढ़ने पर (प्रति मीटर 2 से 3 कीट इल्लियां) बढ़ने पर ही कीटनाशक दवाओं का उपयोग करें।

भ्रमण के दौरान ग्राम बिलारा के कृषक धीरज सिंह यादव द्वारा सोयाबीन (जे.एस.95-60) फसल के लिये तैयार किए गये बीजोत्पादन कार्यक्रम वाले खेत पर उनके द्वारा बतलाई जा रही अफलन की शंका का समाधान किया गया। सोयाबीन फसल में गर्डल बीटल प्रभावित पौधों की संख्या बढ़ने पर थायोक्लोप्रिड 750 मिली./ हैक्टर 600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने का परामर्श भी दिया। इसके साथ ही कृषकों को अवगत कराया गया कि फसल स्थिति में धूप निकलने से सुधार होगा तथा नमी के उचित स्तर आने पर निराई-गुड़ाई, जलविलेय उर्वरकों का छिड़काव एवं खरपतवारों विशेषकर गाजरघास का उन्मूलन करने की आवश्यकता है।धान की फसल के लिए तैयार कर रहे कृषकों के खेतों में पाया गया कि किसान खेत में मचौआ करते समय आधार खाद का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। अतः आधार खाद के रूप में नाइट्रोजन की आधी मात्रा, फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा का धान फसल में उपयोग करने हेतु कृषकों को सलाह दी गई। साथ ही अंकुरण पूर्व शाकनाशी बेनसल्फ्यूरॉन एवं प्रेटिलाक्लोर संयुक्त पूर्व मिश्रित दानेदार दवा की 10 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हैक्टर के मान से फसल की रोपाई के 02 से 03 दिन उपरांत छिड़काव करें। यह दवा न मिलने पर फसल की 25 से 30 दिन की अवस्था पर बिषपायरीबेक सोडियम की 250 मि.ली. मात्रा प्रति हैक्टेयर उपयोग करने का भी सुझाव दिया गया।टमाटर में कालापन आने पर मेंकोजेब और कार्बन्डाजिम की संयुक्त पूर्व मिश्रित दवा की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के मान से छिड़काव करने के सुझाव टमाटर उत्पादक कृषकों को दिया गया।





# प्रशासन ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**शिवपुरीद्ध** एसडीएम पिछोर जे.पी.गुप्ता की अध्यक्षता में क्षेत्र के राजनैतिक दलों की बैठक गुरुवार को अनुविभाग कार्यालय पिछोर में संपन्न की गई। बैठक में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।साथ ही बैठक में विधानसभा क्षेत्र पिछोर के समस्त मतदान केंद्रों की संक्षिप्त समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों द्वारा कुछ मतदान केंद्रों जिनके नाम परिवर्तन पर चर्चा की गई। मतदान केंद्रों के भवन के नामों में परिवर्तन की सहमति भी दी गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र में 1 नवंबर 2021 से 1 जनवरी 2022 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण होने पर नवीन मतदाता के नाम बढ़ाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की जानकारी दी गई।

### आपदा राहत कार्य पर हुई चर्चा

एसडीएम द्वारा बताया गया कि जिन लोगों के आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें सहायता राशि प्रदान करने हेतु प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिन लोगों के खाने की सामग्री तथा अन्य खाद्य सामग्री का नुकसान हुआ है उन लोगों के परिवार को 50 किलो गेहूं प्रदाय किया जा रहा है और जनहानि पशु हानि, फसल क्षति सभी का आकलन कराकर प्रकरण बनाकर मुआवजे की कार्यवाही संचालित की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि भगवंतपुरा निवासी सुमन पत्नी रतिराम पाल, दीपक सेन पुत्र महेंद्र सेन निवासी महोबा डामरौन, राजेंद्र पुत्र बालकृष्ण तिवारी निवासी मनपुरा की सर्पदंश से मृत्यु होने के कारण और अतिवृष्टि के कारण मकान गिरने से फुटेरा निवासी जगदीश पुत्र आसाराम पाल की मृत्यु होने पर, नदी में डूबने से सानिया पुत्री मुकेश बंशकार निवासी खोड़ तथा सोना पत्नी संजय बंशकार निवासी भौती की मृत्यु होने पर और कुआं में डूबने से मृत्यु हो जाने पर ग्राम बाचरौन निवासी मीना पुत्री राम सिंह परिहार, आगरा निवासी नारायण पुत्र गणपत लोधी, ग्राम चिंनोदी चिकको पुत्री मेवालाल लोधी ग्राम बीरपुर निवासी नैना पुत्री शिव कुमार झा की मृत्यु हो जाने पर सभी के पिता या पति वारिसान को आरबीसी 6-4 के संशोधित प्रावधानों के तहत 4- 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। एसडीएम ने बैठक में कहा कि अगर आपके संज्ञान में कोई ऐसा प्रकरण सामने आता है तो प्रशासन को अवगत कराएं।

# भावुक हुई खेल मंत्रीः अन्य खिलाड़ियों के लिए रोल मॉडल बन गए हैं विवेक सागर

**शिवपुरीद्ध** एयर पोर्ट पहुंची खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया उस वक्त भावुक हो उठी, जब विवेक सागर ने टोक्यो ओलंपिक मैडल उनके हाथ सौपा। खेल मंत्री ने मैडल को पहले अपने मस्तक से लगाया फिर मैडल विवेक के गले में पहनाया। इस वक्त उनकी आंखे खुशी से नम हो गई। जब विवेक सागर से पूछा गया कि अगली बार स्वर्ण पदक लाएंगे तो विवेक सागर का कहना था कि जी हां, मैं मैडल का कलर चेंज करना चाहूंगा। उनकी इस बात पर खेल मंत्री ने खुशी व्यक्त करते हुए करतल ध्वनि से विवेक की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अब शुरुआत तो हो गई। विवेक सागर ने आसमान को छू लिया। दूसरे खिलाडियों के लिए वे रोल मॉडल बन गए हैं। अन्य खिलाड़ियों को चाहिए कि वे भी विवेक सागर की तरह आसमान को छुए। विवेक सागर ने यह साबित कर दिखाया है कि मध्य प्रदेश भी ओलंपिक मैडल जीत सकता है। इस अवसर पर संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन, संयुक्त संचालक डॉ विनोद प्रधान और बीएस यादव सहित अन्य अधिकारी, खेल प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद थे। विवेक सागर का भोपाल एयर पोर्ट पर ढोल धमाकों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

फोटो-134



# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा किया जा रहा है स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर नया मिशन, 'एक गांव एक तिरंगा'




**शिवपुरी**

सरस्वती शिशु मंदिर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पर गुरुवार को प्रेस वार्ता रखी गयी जिसमे आने वाले स्वतंत्रता दिवस पर एक गांव एक तिरंगा मिशन की शुरुआत की जायेगी। जहां प्रत्येक गांव में जाकर तिरंगा फहराया जाएगा जिला संयोजक मयंक राठौर ने बताया कि शिवपुरी जिले में 78 स्थानों पर ध्वजा रोहण किया जायेगा जिसमे 40 वॉलिंटियर इस कार्यक्रम की व्यवस्था करेंगे। जहां जानकारी के अनुसार शिवपुरी में पास की 8 बस्तिया है ऐसे है जहां झंडा बंधन निश्चित किया जाएगा। जिसमे, कठमई, लालमाटी, ठकुरपुरा, फक्कड़ कॉलोनी, मनियर, गौशाला, लुधावली, विनेगा गांव, ये शामिल है जहां तिरंगा का झंडा बंधन किया जाएगा। साथ ही पूरे जिले में 78 स्थानों पर झंडा बंधन किया जाएगा जिसमे पिछोर, खनियाधाना, कोलारस, बैराड़,रन्नौद इन सभी इकाईयों में कार्येक्रम करेंगे जिसमे प्रत्येक कार्यक्रता को 2 स्थानों की जिम्मेदारी दी गयी है जहाँ वह भव्य रूप से ससम्मान ध्वजारोहण करेंगे साथ ही प्रांत छात्रा प्रमुख अनुप्रिया तंवर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एक गांव एक तिरंगा अभियान को पूरे देश मे एक साथ 15 अगस्त को 1 लाख 28000 स्थानों पर करेंगे जिसमे से हमारे मध्यभारत प्रान्त के 8 हजार 122 स्थानों पर हमारे कार्येकर्ता जाकर वस्ती ग्राम कस्बो एवं घर घर ध्वजारोहण करेंगे इस ध्वजारोहण के माध्यम से हम हमारे देश के आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महा उत्सव मनाएंगे जिसमे सभी तक हमारा राष्ट्रीय पर्व का संदेश पहुचे ओर सभी लोग इसमें सम्मिलित हो पाए आगे जिला प्रमुख मुकेश मिश्रा का कहना है कि जिस तरह

# नगर पालिका प्रसासन की लापरवाही के चलते लोगो मे फैला संक्रमण का डर



**प्रतिनिधि शिवपुरीद्ध** शिवपुरी नगरपालिका के प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते सारे नगर में इस समय गंदगी का अंबार जमा हुआ है। जिससे कारण कॉलोनियो में निवास करने वाले लोगो मे संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। वार्ड क्रमांक 10 कृष्णा पुरम कॉलोनी एवं वार्ड क्रमांक 11 विजय पुरम कॉलोनी में भी गंदगी का अम्बार कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रहा है। जहाँ निवास करने वाले लोगो का कहना है कि नगर पालिका के प्रशानिक अधिकारियों को इस बात से कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन प्रसासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते ना तो बारिस का भरा हुआ पानी निकलने के कोई उपाय किए गए और ना ही कॉलोनी में जमा गंदगी की सफाई करायी गई जिससे बारिस के मौसम में पैदा होने वाले जीव-जंतु,कीड़े मकोड़े, मच्छर,साँप, बिछु कॉलोनी आदि कॉलोनी वासियो को देखने को मिल रहे है। जिसके कारण कॉलोनी में निवास कर रहे लोगो मे संक्रमण का खतरा बना हुआ हैं वही स्थनीय लोगो का कहना है कि इसकी शिकायत नगर पालिका के पूर्ब सी.एम.ओ गोविंद प्रसाद भार्गव को भी की गयी थी लेकिन उनके द्वारा सफाई एवं बारिस से जमा पानी की निकास के लिए नाली निर्माण कार्य का अस्वासन तो दिया गया लेकिन आज दिनांक तक कोई समाधान नही किया गया जिससे लोगो मे संक्रमण का काफी खतरा बना हुआ हैं।

नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारी आखिर अपनी इस ओछी हारकत से क्या साबित करना चाहता हैं।

# डॉक्टर की रिपोर्ट पर कार्यकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज होने पर बजरंग दल ने किया थाने का घेराव





**शिवपुरी**

बजरंग दल के जिला सह संयोजक संदीप चौहान भौतिक क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र मानपुरा के डॉक्टर द्वारा मामला दर्ज करने के बाद विरोध स्वरूप बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया और झूठा मामला दर्ज करने का आरोप लगाया है सैकड़ों बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी पूनम सविता और पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की मांग की पुलिस संदीप चौहान पर दर्ज मामले को वापस ले थाने के घेराव के बाद पिछोर एसडीओपी मौके पर पहुंचे बजरंग दल से जुड़े उपेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के जिला संयोजक संदीप चौहान बाढ़ के बाद मुआवजा न मिलने पर ग्राम दुल्हाई में ग्रामीणों द्वारा किए गए चक्काजाम के दौरान पहुंचे थे जहां एक महिला को चोट आ गई थी जिन के इलाज के लिए वह उन्हें मानपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे जान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने इलाज करने की हीला हवाली की जिसे लेकर उन्होंने विरोध किया तो डॉक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत वार्ड बॉय से थाने में एफ आई आर दर्ज करा दी श्री यादव का कहना है कि पुलिस ने मामले की सत्यता जानने का प्रयास भी नहीं किया और मामले में एफआइआर दर्ज कर ली जबकि यह मामला डॉक्टर के कहने पर पुलिस ने दर्ज किया है इसलिए पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल हैं और इसी के विरोध में आज शिवपुरी से सैकड़ों बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने का घेराव करने पहुंचे हैं प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी जो पुलिस की झूठी कार्यवाही के विरोध में वहां डटी रही घेराव के दौरान बजरंग दल कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन और थाना प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी करते रहे उनकी मांग थी कि जब तक पुलिस झूठे मामले को वापस नहीं लेती तब तक वह वहां से नहीं हटेंगे

# पोहरी रेंजर धाकड़ सहित वन विभाग के अमले ने 50 हेक्टेयर वनभूमि को कराया मुक्त



**शिवपुरी**

शिवपुरी जिले के पोहरी अनुभाग में बीते कई सालों से जंगल कटकर कृषि भूमि में तब्दील होते जा रहे है। जिसके चलते कई वन्य जीव-जंतु विलुप्ति की कगार पर तक आ गए है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए बन-विभाग का अमला मुस्तेद हो गया है। बुधवार को पोहरी वन परिक्षेत्राधिकारी सहित दो दर्जन से अधिक बन अमले की मौजूदगी में पोहरी अनुभाग के अगर्रा-भावखेड़ी में करीब 50 हेक्टेयर बन-भूमि को मुक्त कराया गया। साथ ही बन भूमि की सुरक्षा के लिए जेसीबी से गड्ढे कराकर बबुल के बीज रोपित किये। बता दे कि पोहरी रेंजर केपीएस धाकड़ को सूचना मिली कि अगर्रा के स्थानीय ग्रामीण गाव से सटी वन-भूमि पर पोधारोपित कर उस पर काबिज होने की कोशिश कर रहे है जहाँ सूचना पर वन विभाग का अमला पुलिस की मौजूदगी में मौके पर पहुचा ओर करीब 50 हेक्टेयर वन-भूमि को मुक्त कराया गया। इस दौरान एक आरोपी लाल राम धाकड पुत्र नकटू राम धाकड़ को भी गिरफ्तार किया है। मौके पर एस डी ओ एमएस श्रीबास्तव शिवपुरी ,वन परिक्षेत्राधिकारी सतनवाड़ा इन्द्र सिंह धाकड़ बन परिक्षेत्राधिकारी केपीएस धाकड़,डिफ्टी रेंजर जादौन, डिप्टी रेंजर अशोक बंसल मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अशोक भारद्वाज ने किया सच्ची समाज सेवा का आदर्श स्थापित

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लगातार पांचवें दिन सेवा का संकल्प जारी**



मेहगांव। जनता का सेवक वही होता है जो संकट के समय जनता के दुःख दर्द में शामिल होकर जनता के दुख दर्द को अपना दुःख दर्द समझे बाढ़ की त्रासदी से जूझ रहे मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के लोगो का दर्द समाजसेवी अशोक भारद्वाज ने समझा है और उन्होंने एक सच्ची समाज सेवा का आदर्श स्थापित किया है वह बाढ़ प्रभावितों की परेशानी दूर करने में लगे हुए हैं ऐसी संकट की घड़ी में वह देवदूत बनकर गरीबो के सामने आए हैं। बीते दिनों अति बर्षा के चलते मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ के संकट से जूझ रहे हैं जहां बाढ़ का पानी कम होने के बाद अब वह बेसहारा हो गए ऐसे परिवारों की मदद करने के लिए समाजसेवी अशोक भारद्वाज व उनकी टीम के सदस्य आगे आये हैं गुरुवार को अशोक भारद्वाज व उनकी टीम के सदस्यों ने ग्राम निबसाई मड़वारी में बाढ़ प्रभावितों से मिलकर उनके दुःख दर्द में शामिल होकर महिलाओं को साड़ी बच्चों को कपड़े व बेडसीट वितरित किये इस दौरान बाढ़ पीड़ितों ने अपनी आंखों में आंसू भरकर अशोक भारद्वाज व उनकी टीम के सदस्यों को अपनी व्यथा सुनाई तो सभी की आंखे नम हो गई।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण



भिण्ड। जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड हरभुवन सिंह तोमर ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरमी में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया एवं ठेकेदार द्वारा बिल्डिंग निर्माण किये जा रहे कार्यो की सराहना की तथा इसी प्रकार गुणवत्ता पूर्ण बिल्डिंग निर्माण करने की अपेक्षा की। इसी प्रकार समस्त स्टाफ की मीटिंग ली एवं अध्यापन के दौरान कोविड-19 के पालन करने व छात्राओं के प्रवेश संबंधी व कक्षा में छात्राओं की उपस्थिति में सुधार लाने हेतु पालकों से संपर्क करने हेतु कहा । निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित रहा इनके साथ जिला क्रीड़ा अधिकारी जीवन सिंह जादौन व शासकीय बालक उ मा विद्यालय गोरमी के वरिष्ठ शिक्षक जी बी सिंह कुशवाह उपस्थित रहे ।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुँचाने जिला प्रशासन लगातार कर रहा है कार्य

**4800 से ज्यादा प्रभावित परिवारों को 50 किलो खाद्यान का वितरण किया जा चुका है**

**बाढ़ से हुई क्षति के आंकलन हेतु प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से जारी है सर्वे कार्य**





भिण्ड । जिले में आई बाढ़ आपदा से लगभग 7400 परिवार प्रभावित हुए, जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत कार्य लगातार जारी है इसके साथ बाढ से हुई क्षति के आंकलन हेतु सर्वे कार्य भी तेजी से किया जा रहा है।

अब तक प्राप्त जानकरी अनुसार बाढ़ प्रभावित 4854 से ज्यादा परिवारों को प्रति परिवार 50 किलो के मान से खाद्यान का वितरण किया जा चुका है, शेष बचे परिवारों को भी वितरण कार्य जारी है। जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से हुई क्षति का सर्वे कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, अब तक प्राप्त जानकरी अनुसार पूर्ण मकान क्षति/मकान मरम्मत योग्य नही में 24 परिवारों को 1 लाख 44 हजार की सहायता राशि संवंधित के खातों में भेजी जा चुकी है। इसके साथ कपड़ा, बर्तन, खाद्यान क्षति हेतु अब तक 44 परिवारों को 2 लाख 20 हजार रुपये की राशि उनके खातों में भेजी जा चुकी है। इसके साथ बाढ़ के पानी एवं गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु बाढ़ प्रभावित ग्रामों में मेडिकल टीम के द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उनको आवश्यक दवाइयां भी दी जा रही है।

**बाढ़ पीड़ित सभी ग्रामों में हैंडपंपों का कराया जा रहा है क्लोरिनेशन**

भिण्ड जिले में बाढ़ आपदा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भी अपने कर्तव्य पर पूरी निष्ठा के साथ कार्य में जुटा है। बारिश के समय सदैव ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्लोरिनेशन का कार्य तेजी से किया जाता है, ताकि मौसमी बीमारियां ना फैले, लेकिन इस बार आई जल विपदा के कारण विभाग दुगनी ताकत के साथ क्लोरिनेशन का कार्य रहा है। जिले में बा? प्रभावित ग्रामों में हैंडपंपों के क्लोरिनेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग प्रयासरत है कि शीघ्र ही सभी ग्रामों में क्लोरिनेशन का कार्य पूर्ण कर दिया जाए।

## प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फैल : राजपूत



भिण्ड। लोकतंत्रक की हत्याकर पुनः सत्ता में आई प्रदेश भाजपा सरकार हर मोर्चे असफल साबित हुई है। युवा बेरोजगार,हर किसान, मजदूर परेशान, और व्यापारी हैरान हैं। ये बात कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के सवांद कार्यक्रम में आए पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के भिण्ड प्राभारी नवल सिंह राजपूत ने गोलमार्केट पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। श्री राजपूत ने कहा कमल नाथ सरकार ने अपने अल्प कार्यकाल में ही युवाओं और किसानों के लिए कई जनहित योजनाओं को लागू किया। लेकिन इस सरकार के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। भू-माफिया दुबारा सक्रिय हो गए हैं। दुर्बलों दलितों, पिछड़ों पर अत्याचार बढ़ा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कहा भिण्ड शहर पूरी तरह से नगरपालिका की उदासीनता से परेशान हैं जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। और सड़के खुदी पड़ी है। कांग्रेस कार्यकर्ता 18 तारिक को आंदोलन कर जिला प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन की ईट से ईट बजाने का कार्य करेंगे। जिससे भिण्ड के व्यापारियों और आम जनता को राहत मिल सके। वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव ने कहा कमलनाथ सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था। प्रदेश भाजपा सरकार अडंगा डालकर उनका हक छीनने का कार्य कर रही हैं। पिछड़ावर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष राठौर ने कहा भिण्ड में आई बाढ़ प्रभावित्त लोगो को प्रशासन सड़ा हुआ भोजन वितरित कर रहा है। जिले के दो दो मंत्री अभी पीड़ित जनता के बीच राहत देने के बजाह भोपाल में घूम रहे हैं। जबकिं कांग्रेस के कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच सेवा कार्य करने में लगे हुए हैं।

## बढ़ते बिजली के बिलों में दलालों का बड़ा हाथ अधिकारी बने बैठे मौन




भिण्ड। मिहोना में बिजली कंपनी के दलालों द्वारा वितरण किए जा रहे हैं बिजली के बढ़ोतरी बिल जिस पर जिम्मेदार अधिकारी बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं और दलालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। खपत से ज्यादा बिल देकर मजदूरों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ी जा रही है। लॉकडाउन का डर होने से मजदूर बाहर भी पलायन नहीं कर पा रहे हैं और क्षेत्र में मंजदूरी भी नहीं मिल रही हे उन लोगों को बढ़ोतरी बिल दलालों द्वारा बिजली विभाग कंपनी के अधिकारी भिजवा रहे हैं। वहीं कुछ दबंग नेताओं को श्रमिक जैसी योजनाओं से जोड़कर 200 रूपये तक का बिल भेजा जा रहा है जबकि उनके घरों में 24 घण्टे एसी का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे में बिजल विभाग को कोई अधिकारी भी निरीक्षण के लिए नहीं जाता है। दलालों की तानाशाही और अधिकारी का दलालों पर हाथ रखा हुआ है दोनों लोगों की मिलीभगत से गरीब जनता को लूटने का व्यापार किया जा रहा है। दो हजार से लेकर तीन हजार तक का बिल दिया जा रहा है और गरीब लोग हर महीने बिल का भुगतान जमा करने पर मजबूर हो जाते हैं।

## सीएमओ भदौरिया ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा






**फोगिंग, एवं एंटी लार्वा का करवाया छिड़काव**

फूप। नगर परिषद फूप के सीएमओ हनुमत सिंह भदौरिया ने चंबल के पानी से आए उफान में अटेर क्षेत्र के सैकड़ों ग्राम प्रभावित हो गए। बाढ प्रभावित ग्रामों में गंदगी और पानी में पनपकर लोगों में बीमारियों फैला रहे जानलेवा मच्छरों के खिलाफ सीएमओ हनुमंत सिंह भदौरिया द्वारा मलवा की साफ-सफाई, दवाइयों का छिडकाव, मच्छर का प्रकोप न बढे इस हेतु फोगिंग कराना, मृत पशु यदि हो तो उनका निस्तारण कराने का कार्य किया जा रहा है। अटेर के बाढ़ प्रभावित ग्रामों का रास्ता साफ कराया जा रहा है तथा बाढ प्रभावित क्षेत्रो में बीमारियों की रोकथाम हेतु फॉगिंग कराई जा रही है एवं फिनायल व पावडर डाला जा रहा है। सीएमओ श्री भदौरिया ने अटेर के ग्राम मड़ैयन, ज्ञानपुर जैसे गांव में साफ सफाई अभियान चलाया। वहीं वार्डो मे रोज डोर टो डोर गाड़ी जा रही हैं और सफाई कर्मचारी अपने कर्तव्यों पर तैनाती से लगे हैं।

### पत्रकारों की समितियों का गठन

भिण्ड। पत्रकारों की आयोजित की गई बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार मध्यप्रदेश प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने निम्नानुसार समितियों का गठन किया है अनुशासन समिति प्रदीप चौधरी अध्यक्ष, दीपक चौधरी सदस्य, अनिल चौधरी सदस्य, शैलेन्द्र मिश्रा सदस्य, संजय पाठक सदस्य इसके अतिरिक्त कौशल शर्मा समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे। मॉनिटीरिंग समिति अनिल शर्मा अध्यक्ष, राकेश शर्मा सदस्य, भानूप्रताप श्रीवास्तव सदस्य, सुभाष त्रिपाठी सदस्य, प्रमोद भदौरिया सदस्य, मनीष ऋषिश्वर सदस्य, इसके अतिरिक्त परानिधेश भारद्वाज विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे। समन्वय समिति गणेश भारद्वाज अध्यक्ष, मायाराम मिश्रा सदस्य, विश्वनाथ सदस्य, संजय शर्मा सदस्य, राजेश चौधरी सदस्य, इसके अतिरिक्त रफत अली विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे। इसके अतिरिक्त सत्यनारायण शर्मा तीनों समितियों की बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग ले सकेंगे।

### 3 सूत्री मांगों को लेकर पटवारियों ने किया कलम बंद हड़ताल का आगाज




गोहद । म.प्र. पटवारी संघ के आहवान पर चरणवद्ध आन्दोलन के क्रम में तीन सूत्रीय मांगों हेतु तहसील गोहद के समस्त पटवारियों ने तहसील गोहद के प्रागंण में कलमबंद हड़ताल का आगाज किया एवं प्राकृतिक आपदा (वाद, अतिवृष्टि आदि) में किसानों के साथ हड़ताल अवधि में खड़े रहेंगे एवं उनके आर्थिक सहायता हेतु सभी कार्य करेंगे। परन्तु भू-अभिलेख एवं अन्य कार्यो का पूर्ण रूप से वहिष्कार किया जाएगा हड़ताल के समय तहसील गोहद के तहसील अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, संघर्ष समिती अध्यक्ष प्र. महेन्द्रप्रताप सिंह, उपाध्यक्ष शैनन्द शर्मा, कोषाध्यक्ष आदित्य कुशवाह, प्रवक्ता अनितपाल, उपाध्यक्ष राजकुमार पावक, देवेश तोमर, सौरभ मिश्रा, आशीष संगेर, संदीप जैन, अजय विमल, अरविन्द चौरसिया, रविन्द्र उपाध्याय, प्रशांत शर्मा, मनीष शर्मा, राकेश पाण्डे, संतोष राजपूत, निशा ,रुचि, शिवानी, मेघा दुवै एवं अन्य पटवारीगण मोजूद रहे।

## जैन समाज की महिलाओं ने दिया स्वच्छ पर्यावरण एवं हरियाली का संदेश



अम्बाह । जैन बगीची परिसर में गुरुवार को जैन समाज की महिलाओं द्वारा परंपरागत धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वच्छ पर्यावरण एवं हरियाली का संदेश दिया गया इस मौके पर महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र पहने और जिनेंद्र भगवान की पूजा अर्चना की। शाम को बगीची में झूले डाले और सावन की मल्हारों के साथ गीतों में पीहर में भाई-बहनों के साथ बिताए समय को याद किया।

ज्यादातर महिलाओ ने हरी चूड़ियां, हरी साड़ी, लाल साड़ी, लाल चूड़ियां पहनकर भारतीय संस्कृति के अनुसार सोलह श्रंगार किये इस आयोजन में दर्शी ग्रुप, पारसनाथ बालिका मंडल,अरिहंत महिला मंडल, चंदनबाला महिला मंडल की कार्यकर्ताओं ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन मितुल शाहबजाज ने किया इस दौरान 38 महिला श्रंगार प्रतियोगिता में भी शामिल हुई लगभग 3 घंटे तक चले इस आयोजन में माताजी विनेह श्री एवं विसम श्री ने महिलाओं को प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि भारतीय पुरातन सभ्यता में प्रकृति का विशेष महत्व है इसलिए हमें अपने आसपास के वातावरण को हरा-भरा रखकर प्रकृति संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार जीवन जीने से दीर्घायु की प्राप्ति होती है इस दौरान महिलाओं द्वारा धार्मिक भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए और लोगों को पौधरोपण का संदेश दिया महिलाओं के साथ साथ बालिकाओं ने भी इस आयोजन में धार्मिक लघु नाटिका प्रस्तुत करें जैन धर्म के सिद्धांतों से मौजूद लोगों को परिचित कराया।

## भव्य वेदी प्रतिष्ठा समारोह आचार्य विनम्र सागर महाराज के सानिध्य में आज

**जगत कल्याण की कामना को लेकर दूसरे दिवस विश्व शांति की कामना को लेकर हुआ श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन**



अम्बाह। श्री दिगंबर जैन महावीर जिनालय मुरैना रोड़ अम्बाह में भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आज वरेह जैन समाज व्दारा आयोजित किया जायेगा ज्ञात रहे कि उक्त मंदिर में भव्य वेदी, शिखर एवं मान स्तंभ का निर्माण किया जाना है। जिन का शिलान्यास समारोह आज होगा, ज्ञात रहे कि तीन दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी हैं जिसका आज समापन शिलान्यास कार्यक्रम के साथ होगा यहाँ बता दें कि बरसों पहले ग्राम वरेह में बसे हुए जैन समाज के लोगों द्वारा गांव के प्राचीन मंदिर को अंबाह में स्थापित किया था

इस मंदिर निर्माण में स्थानीय व बाहर के स्वधर्मी बंधुओं ने भी योगदान दिया हैं अब समाज व्दारा भव्यता लाने के लिए मंदिर के ऊपर शिखर एवं मंदिर परिसर में मान स्तंभ तथा नवीन वेदी निर्माण का शुभारंभ किया जा रहा है यह आयोजन आचार्य विन्रम सागर जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा, पवन जैन के अनुसार आयोजन के अंतिम दिवस आज सर्वप्रथम आचार्य विनम्र सागर जी को ससंघ बैंड बाजों के साथ जैन बगीची से श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर तक लाया जाएगा जहाँ पर विश्व शांति महायज्ञ के साथ साथ शांति धारा, अभिषेक पूजन,जाप अनुष्ठान के साथ-साथ मान स्तंभ, शिखर एवं वेदी का शिलान्यास दोहपर 12:00 बजे किया जाएगा इस आयोजन में मुख्य भूमिका सेठ विशंभर दयाल जैन गोठ वाले, डॉ प्रदीप जैन, श्रीमती नीलम जैन, डॉक्टर मोहित जैन, श्रीमती सृष्टि जैन, इंजीनियर संभव जैन, मुरारीलाल जैन,अरविंद कुमार जैन, मुन्ना लाल जैन,डॉक्टर पी एल जैन, पवन कुमार जैन, इंजीनियर सुनील जैन, डॉ मनीष जैन गिट्टी वालो की है समारोह के समापन अवसर पर सामूहिक भंडारे का आयोजन भी होगा ज्ञात रहेगी मंदिर परिसर में लगभग सा? बारह लाख रुपए की लागत से मान स्तंभ का निर्माण होगा इस मान स्तंभ का निर्माण गोठ गांव के विशंभर दयाल जैन द्वारा कराया जा रहा है इस मान स्तंभ में 8 जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएं विराजमान होगी जिनके दानदाता अलग-अलग होंगे किसी तरह मंदिर में मुख्य वेदी का निर्माण सेठ हुकम चंद जैन की स्मृति में लगभग आठ लाख रुपये की लागत से उनके पुत्र पवन जैन गिट्टी वालों द्वारा कराया जा रहा है इसी तरह भव्य शिखर का निर्माण भोपाल के डॉ प्रदीप जैन वरेह द्वारा कराया जा रहा है ज्ञात रहे कि इन सभी निर्माण का उद्देश्य मंदिर में भव्यता लाना है इधर आयोजन के दूसरे दिवस गुरुवार को श्री महावीर जिनालय मंदिर परिसर में जगत कल्याण की कामना को लेकर भगवान शांतिनाथ को समर्पित श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में मौजूद रहकर विश्व शांति की कामना की।

## दागियों पर सख्ती

दागी सांसदों व विधायकों को लेकर पिछले एक माह में दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को नसीहत भी दी है और कड़ाई भी की है। कोर्ट को पार्टियों के रुख को देखते हुए यहां तक कहना पड़ा है कि अब राज्य सरकारें सांसदों और विधायकों पर चल रहे क्रिमिनल केस वापस नहीं ले सकेंगी। इसके लिए संबंधित राज्य के हाईकोर्ट की मंजूरी जरूरी होगी। कोर्ट ने सितंबर 2020 के बाद सांसदों-विधायकों के वापस लिए गए मामलों को दोबारा खोलने को भी कहा है। आपराधिक छवि वाले नेताओं के रिकॉर्ड का चुनाव में खुलासा करने के आदेश की अवमानना पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा, राजनीतिक व्यवस्था के अपराधीकरण का खतरा बढ़ रहा है। इसकी शुद्धता के लिए आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को कानून निर्माता बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मगर हमारे हाथ बंधे हैं। हम सरकार के आरक्षित क्षेत्र में अतिक्रमण कतई नहीं कर सकते। कैंडिडेट का आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी सख्ती दिखाई है। इस मामले में कोर्ट ने भाजपा और कांग्रेस समेत आठ दलों पर जुर्माना लगाया। इन सभी पार्टियों ने बिहार चुनाव के समय तय किए गए उम्मीदवारों के क्रिमिनल रिकॉर्ड सार्वजनिक करने के आदेश का पालन नहीं किया था। राजनीतिक दलों पर जुर्माना लगाने के साथ ही कोर्ट ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवारों का चयन करने के 48 घंटे के अंदर उनका क्रिमिनल रिकॉर्ड पब्लिश करना होगा। सभी पार्टियों को अपने सभी उम्मीदवारों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर देनी होगी और दो अखबारों में भी पब्लिश करानी होगी। उम्मीदवार के चयन के 72 घंटे के अंदर इसकी रिपोर्ट चुनाव आयोग को भी सौंपनी होगी। सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता इसलिए सही है क्योंकि देश के सियासी दलों में दागी माननीयों की भरमार है। दागी माननीयों के मामले का जल्द निपटारा किया जाना इसलिए भी आवश्यक है कि संसद और विधानसभाओं में दागी और आपराधिक चरित्र वाले माननीयों की तादाद कम होने के बजाए लगातार बढ़ती जा रही है। अगर ऐसे दागी माननीयों के मामले का शीध्र निपटारा नहीं होगा तो देश भर में यहीं संदेश जाएगा कि कानून की नजर में सभी बराबर नहीं हैं। उचित होगा कि जनप्रतिनिधियों के मुकदमों का निस्तारण अति शीघ्रता से हो और इसके लिए अलग से न्यायालय की स्थापना हो। अगर प्राथमिकता के आधार पर इन मुकदमों का निस्तारण नहीं होगा तो फिर राजनीति में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का प्रवेश रोक पाना मुश्किल होगा। लेकिन विडंबना है कि अदालत के इस नसीहत का पालन नहीं हो रहा है। ऐसा इसलिए कि सर्वोच्च अदालत ने दागी सांसदों और विधायकों को मंत्री पद के अयोग्य मानने में हस्तक्षेप के बजाए इसकी नैतिक जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के विवेक पर छोड़ दिया है। दरअसल प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों का अपना मंत्रिमंडल चुनने का हक संवैधानिक है और उन्हें इस मामले में कोई आदेश नहीं दिया जा सकता। ऐसा इसलिए भी संविधान के अनुच्छेद 75(1) की व्याख्या करते समय उसमें कोई नई अयोग्यता नहीं जोड़ी जा सकती। हैरान करने वाली बात यह कि दागी चुनाव जीतने में सफल भी हो रहे हैं। लेकिन यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लेकिन इसके लिए सिर्फ राजनीतिक दलों और उनके नियंताओं को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जनता भी बराबर की कसूरवार है। जब देश की जनता ही साफ-सुथरे प्रतिनिधियों को चुनने के बजाए जाति-पांति और मजहब के आधार पर बाहुबलियों और दागियों को चुनेगी तो स्वाभाविक रुप से राजनीतिक दल उन्हें टिकट देंगे ही। नागरिक और मतदाता होने के नाते जनता की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह ईमानदार, चरित्रवान, विवेकशील और कर्मठ उम्मीदवार को अपना प्रतिनिधि चुने। यह तर्क सही नहीं कि कोई दल साफ-सुथरे लोगों को उम्मीदवार नहीं बना रहा है इसलिए दागियों को चुनना उनकी मजबूरी है।

# पत्थरों पर उकेरा हुआ एक महाकाव्य

डॉ नीलम महेंद्र



भारत ने एक बार फिर विश्व को अपनी ओर आकर्षित ही नहीं किया बल्कि अपनी संस्कृति और कला का लोहा भी मनवाया। तेलंगाना के रामप्पा मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया जाना एक तरफ भारत के लिए गौरव का पल था तो विश्व के वैज्ञानिकों के लिए एक अचंभा भी था। दरअसल आज से लगभग 800 साल पहले निर्मित रामप्पा मंदिर सिर्फ एक सांस्कृतिक धरोहर ही नहीं है बल्कि ज्ञान और विज्ञान से परिपूर्ण भारत के गौरवशाली अतीत का जीवित प्रमाण भी है। यह पत्थरों पर उकेरा हुआ एक महाकाव्य है। वो महाकाव्य जो 800 सालों से लगातार शान से भारत की वास्तुकला और विज्ञान की गाथा गा रहा है। और अब तो इसके सुर विश्व के कोने कोने को मुग्ध कर रहे है। रामप्पा मंदिर का एक मंदिर से विश्व धरोहर बनने का यह सफर लगभग 800 साल लंबा है जो शुरू हुआ था 1213 में जब तेलंगाना के तत्कालीन काकतीय वंश के राजा गणपति देव के मन में एक ऐसा शिव मंदिर बनाने की प्रेरणा जागी जो सालों साल उनकी भक्ति का प्रतीक बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहे। यह जिम्मेदारी उन्होंने सौंपी वास्तुकार रामप्पा को। और रामप्पा ने भी अपने राजा को निराश नहीं किया।उन्होंने अपने राजा की इच्छा को ऐसे साकार किया कि राजा को ही मोहित कर लिया। इतना मोहित कि उन्होंने मंदिर का नामकरण रामप्पा के ही नाम से कर दिया। आखिर राजा मोहित होते भी क्यों नहीं, रामप्पा ने राजा के भावों को बेजान पत्थरों पर उकेर कर उन्हें 40 सालों की मेहनत से उसे एक सुमधुर गीत जो बना दिया था। जी हाँ, रामप्पा ने 40 सालों में जो बनाया था वो केवल मंदिर नहीं था, वो विज्ञान का सार था तो कला का भंडार था। यह कलाकृति एक शिव मंदिर है जिसे रुद्रेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। किसी शिल्पकार के लिए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है कि उसके द्वारा बनाया गया मंदिर उसके नाम से जाना जाए। आज भी यह विश्व का शायद इकलौता मंदिर है जो अपने वास्तुकार के नाम पर जाना जाता है। मशहूर खोजकर्ता मार्को पोलो ने जब इसे देखा था तो इसे मंदिरों की आकाशगंगा का सबसे चमकीला सितारा कहा था।

आप सोच रहे होंगे कि आखिर ऐसा क्या है इस मंदिर में?: दअरसल जब इस मंदिर का अध्ययन किया गया तो वैज्ञानिकों और पुरातत्वेत्ताओं के लिए यह तय करना मुश्किल हो गया कि इसका कला पक्ष भारी है या इसका तकनीकी पक्ष।

सबसे बड़ा प्रश्न यह था कि यह चमत्कार है या विज्ञान कि 17 वीं सदी में जब इस इलाके में 7.7 से 8.2 रेक्टर का भीषण भूकंप आया था जिसके कारण इस मंदिर के आसपास की लगभग सभी इमारतें ध्वस्त हो गई थीं, लेकिन 800 साल पुराना यह मंदिर ज्यों का त्यों बिना नुकसान के कैसे खड़ा रहा? इस रहस्य को जानने के लिए मंदिर से एक पत्थर के टुकड़े को काट कर जब उसकी जाँच की गई तो पत्थर की यह विशेषता सामने आई कि वो पानी में तैरता है! राम सेतु के अलावा पूरे विश्व में आजतक कहीं ऐसे पत्थर नहीं पाए गए हैं जो पानी में तैरते हों। यह अभी भी रहस्य है कि ये पत्थर कहाँ से आए क्या रामप्पा ने स्वयं इन्हें बनाया था? आज से 800 साल पहले रामप्पा के पास वो कौन सी तकनीक थी जो हमारे लिए 21 वीं सदी में भी अजूबा है? आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इस मंदिर को उसका यह स्वरूप देने से पहले रामप्पा ने ऐसा ही एक छोटा सा मंदिर बनाया था जिसे हम आज के दौर में प्रेजेंटेशन मॉडल कहते हैं। इसके बाद ही रामप्पा ने इस रूद्रेश्वर मंदिर का निर्माण किया। छ फुट ऊँचे सितारे के आकार के प्लेटफार्म पर बनाए गए 1000 पिलर वाले इस मंदिर की नींव सैंडस्टोन तकनीक से भरी गई थी जो भूकम्प के दौरान धरती के कम्पन की तीव्रता को कम करके इसकी रक्षा करती है। इसके अलावा मंदिर की मूर्तियों और छत के अंदर बेसाल्ट पत्थर प्रयोग किए गए हैं।

अब यह वाकई में आश्चर्यजनक है कि वो पत्थर जिसे डायमंड इलेक्ट्रॉनिक मशीन से ही काटा जा सकता है वो भी केवल एक इंच प्रति घण्टे के दर से! कल्पना कीजिए आज से 800 से साल पहले भारत के पास केवल ऐसी तकनीक ही नहीं थी बल्कि कला भी बेजोड़ थी! इस मंदिर की छत पर ही नहीं बल्कि पिलरों पर भी इतनी बारीक कारीगरी की गई है कि जो आज के समय में भी मुश्किल प्रतीत हो रही है क्योंकि उन पत्थरों पर उकेरी गई कलाकृतियों की कटाई और चमक देखते ही बनती है। कला की बारीकी की इससे बेहतर और क्या मिसाल हो सकती है कि मूर्ति पर उसके द्वारा पहने गए आभूषण की छाया तक उकेरी गई है। आज 800 सालों बाद भी इन मूर्तियों की चमक सुरक्षित है। इससे भी बड़ी बात यह है कि पत्थरों की यह मूतियाँ थ्री डी हैं। शिव जी के इस मंदिर में जो नन्दी की मूर्ति है खड़ी मूर्ति है जो इस प्रकार से बनाई गई है कि ऐसा लगता है कि नन्दी बस चलने ही वाला है। इतना ही नहीं इस मूर्ति में नन्दी की आंखें ऐसी हैं कि आप किसी भी दिशा से उसे देखें आपको लगेगा कि वो आपको ही देख रहा है। मंदिर की छत पर शिवजी की कहानियां उकेरी गई हैं तो दीवारों पर रामायण और महाभारत की। मंदिर में मौजूद शिवलिंग के तो कहने ही क्या! वो अंधेरे में भी चमकता है। आज एक बार फिर भारत की सनातन संस्कृति की चमक विश्व भर में फैल रही है।

# खेलों में बदलना होगा मेडलों का रंग

रमेश सर्राफ धमोरा



जापान के टोक्यो शहर में खेले जा रहे ओलंपिक खेलों में भारत के नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। 13 वर्षों के अंतराल के बाद भारत ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत पाया है। इससे पूर्व 2008 के बीजिंग ओलंपिक में भारत के अभिनव बिंद्रा ने 10 मीटर एयर राइफल की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

भारत में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक जीतने से पूरा देश खुशी मना रहा है। सभी जगह नीरज चोपड़ा के खेल की तारीफ हो रही है। नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने साथी प्रतियोगियों को मात दी। हालांकि नीरज चोपड़ा ओलंपिक खेल में पहली बार भाग ले रहे थे। उसके बावजूद उन्होंने अपने पर जरा भी हताशा को हावी नहीं होने दिया और अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधियों को मात देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाकर भारत का मान बढ़ाया।

इस बार की ओलंपिक प्रतियोगिता में भारत से गये 124 खिलाड़ियों के दल ने एक स्वर्ण, दो रजत व चार कांस्य सहित कुल सात पदक जीते हैं। जो भारत का ओलंपिक खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। 1980 में मास्को ओलंपिक के बाद भारत ने 41 साल के अंतराल से पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। 1980 के ओलंपिक में भारत ने अंतिम बार हॉकी में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि उस समय दुनिया के कई देशों ने मास्को ओलंपिक का बहिष्कार किया था। इस कारण भारत को हॉकी में आसानी से स्वर्ण पदक मिला था।

ऐसा भी नहीं है कि 1980 में भारत को हॉकी में संयोगवश ही स्वर्ण पदक मिल गया था। एक जमाने में भारत दुनिया भर में हाकी का सिरमौर खिलाड़ी रहा है। उससे पूर्व भारत की हॉकी टीम ने सात बार ओलंपिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। 1928 से 1956 तक तो भारतीय हॉकी टीम ने लगातार छह बार ओलंपिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर डबल हैट्रिक लगायी थी। 1960 के रोम ओलंपिक में भारत ने रजत पदक जीता था। उसके बाद 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भारत ने फिर से स्वर्ण पदक जीतकर हाकी के खेल में अपनी धाक जमाई थी। मगर उसके बाद भारत लगातार खेलों में पिछड़ता गया।

1936 के बर्लिन ओलंपिक में तो भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का खेल देखकर जर्मनी के तानाशाह हिटलर इतने प्रभावित हो गए थे कि उन्होंने मेजर ध्यानचंद को बड़ा पद देकर जर्मनी की तरफ से हाकी खेलने का प्रस्ताव भी दिया था। जिसे मेजर ध्यानचंद ने ठुकरा कर एक सच्चे भारतीय होने का सबूत दिया था। जर्मनी के तानाशाह हिटलर स्वयं भारतीय टीम का हाकी का खेल देखने के लिए पूरे समय मैदान में रहते थे।

इस बार टोक्यो में आयोजित ओलंपिक प्रतियोगिता में भारत की पुरुष और महिला दोनों ही हॉकी टीम ने जबरदस्त खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मगर सेमीफाइनल में पहुंचकर महिला हॉकी टीम चैथे स्थान पर पिछड़ गई। वहीं भारतीय पुरुष हाकी टीम तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। हालांकि भारतीय हॉकी टीम ने जिस तरह से इस बार अपने खेल का प्रदर्शन किया था। उससे उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक पर था। मगर अंतिम समय में वह अपनी प्रतिद्वंदी टीम से पिछड़कर कांस्य पदक ही जीत सके। मगर कांस्य पदक जीतना भी भारतीय हॉकी टीम में एक नवजीवन का संचार करेगा।

लगातार हारने के कारण भारत के हॉकी खिलाड़ियों का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। इस कारण प्रतिभा संपन्न होने के बावजूद भी खेल के मैदान में अंतिम क्षणों में वह मायूस होकर मैच हार जाते थे। मगर इस बार कांस्य पदक जीतने से हॉकी खिलाड़ियों का मनोबल बहुत मजबूत हुआ है। आने वाले समय में वह और अधिक मेहनत कर अपनी बेहतर खेल प्रतिभा का परिचय देंगे।

# मेरी जाति हिंदुस्तानी की जीत

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यह देखकर तो अच्छा लगा कि संसद के दोनों सदनों ने अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना के विधेयक को शांतिपूर्वक पारित कर दिया। अब राज्यों को यह अधिकार मिल गया है कि वे अन्य पिछड़े वर्ग की जन-गणना करवा सकें। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को उलटने का अधिकार राज्य को देकर संसद ने असाधारण कार्य किया है। यह फैसला संसद के दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से किया है। पिछले 75 साल में ऐसे कितने कानून बने हैं, जिनका विरोध या सुधार (संशोधन) एक भी सदस्य ने नहीं किया है? यह ऐसा ही विलक्षण कानून है। ऐसा क्यों हुआ ? खासकर तब जबकि संसद के सदन निरंतर स्थगित होते रहे, कागज फाड़े गए, शीशे तोड़े गए, सांसदों ने मार-पिटाई भी की और राज्यसभा-अध्यक्ष तंग आकर रो भी पड़े। ऐसा हमारी संसद में पहले कभी नहीं हुआ लेकिन ऐसी अराजकता के बीच पक्ष और विपक्ष पिछड़ों की जन-गणना के मुद्दे पर एक क्यों हुए ? क्योंकि वे पिछड़ों के वोट थोक में चाहते हैं। उनकी राजनीति का आधार जातिवाद बन गया है। जातिवाद के इस हम्माम में सभी नंगे है। प्रधानमंत्री ने तो अपने नए मंत्रिमंडल के सदस्यों का जातिवार परिचय करवाने में भी कोई संकोच नहीं किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी उक्त जनगणना का दो-टूक समर्थन कर दिया जबकि बिहार के चुनाव के दौरान संघ-प्रमुख ने जातीय आरक्षण का विरोध किया था। यह गणना सरकारी नौकरियों में कितनी तकलीफ पैदा करेगी, इसका अंदाज हमारे सांसदों को शायद नहीं है। 2012 में सरकार ने 30 लाख लोगों को नौकरियां दी थीं लेकिन 2020 में उसकी संख्या सिकुड़कर 18 लाख रह गई। हर साल आरक्षित नौकरियों की संख्या लाखों में नहीं होती। मुश्किल से हजारों में होती हैं। वे कई थोक जातियों में बंट जाती हैं। अन्य पिछड़ों को पाँच-सात सौ नौकरियों के लालच में फंसाकर देश के 80-90 करोड़ वंचितों और दलितों के थोक वोट पटाने के धंधे में सभी पार्टियां जुटी हुई हैं। यह उनके साथ बड़ा धोखा है। कुछ सौ लोगों को विशेष अवसर और करोड़ों लोगों को उनकी बदहाली में सड़ने देना कौनसा न्याय है? लेकिन इस मौके पर सबसे खुशी इस बात की है कि सामाजिक न्याय मंत्री ने साफ़-साफ़ शब्दों में कहा है कि फिलहाल सरकार का जातीय जनगणना करवाने का कोई इरादा नहीं है और 2011 की जातीय जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। जब मैंने 2010 में जातीय जनगणना के विरुद्ध आंदोलन छेड़ा था तो लगभग सभी दलों ने उसका समर्थन किया था।

और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जातीय जनगणना बीच में ही रुकवा दी थी और उसके जो भी आंकड़े उपलब्ध थे, उन्हें भी प्रकट न करने की घोषणा कर दी थी। मोदी सरकार को 'मेरी जाति हिंदुस्तानी' आंदोलन की तरफ से हार्दिक बधाई। मुझे उम्मीद है कि सरकार अपने इस संकल्प से डिगेगी नहीं।

## जो नहीं है उसे पाना हो ध्येय

असंतुष्ट होने का अर्थ दुखी होना नहीं है। असल में कोई आदमी पूरी तरह सुखी होकर भी असंतुष्ट हो सकता है। सुखी होने का मतलब है, जो है, उसे आनंद से भोगना। और असंतुष्ट होने का अर्थ है- जो नहीं है उसे आनंद से पैदा करने का श्रम करना। जब अधिकतम लोग समाज में इस भांति श्रम करते हैं तो समाज संपन्न और समृद्ध होता है। और जब अधिक लोग ऐसा सोचते हैं कि जो है बस ठीक है, वही रुक जाना है, तो फिर पूरा समाज धीरे-धीरे दरिद्र हो जाता है। जिंदगी का सारा विकास, जो नहीं है, उसे पाने से ही होता है। इसलिए मैं तो कहूंगा कि ऐसा किसी जगह मानने की जरूरत नहीं है कि अब सब पूरा हो गया, अब भला मुझे क्या करना है! यह मरने के ढंग हैं। यह अपने भीतर जिंदा रहते हुए मर जाना है। जब तक श्वास है, तब तक एक भी श्वास व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। फिर भी अगर किसी व्यक्ति को ऐसा लगता हो कि मेरी तो सच में ही सारी आवश्यकताएं पूरी हो गई, तो फिर ऐसे व्यक्ति को दूसरों की आवश्यकताएं पूरा करने में लग जाना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को पक्का ऐसा लगता है कि मेरी तो सभी आवश्यकताएं पूरी हो गई, मैं क्यों श्रम करूं? तो उसे चारों तरफ देखना चाहिए कि अब मेरा काम तो जमीन पर खत्म हो गया, लेकिन दूसरों की आवश्यकताएं पूरी नहीं हुई हैं, उनके लिए मैं श्रम करने में लग जाऊं। लेकिन श्रम से नहीं बचा जा सकता। आपकी अपनी आवश्यकताएं पूरी हो गई हैं, तो अपने चारों तरफ देखिए। बहुत लोगों की पूरी नहीं हुई हैं, अत- उनके लिए श्रम करने में लग जाइए। लेकिन खाली बैठने का हक किसी को नहीं है। संन्यासी को भी खाली बैठने का हक नहीं है। देश को संपन्न करना है तो सभी को श्रम में लगना ही चाहिए। और श्रम में हम तभी लगेंगे जब कोई आवश्यकता पूरी करनी हो। चाहे अपनी, चाहे किसी दूसरे की, लेकिन आवश्यकता पूरी करने की दौड़ जारी रहनी चाहिए। यह दौड़ शांत हो, यह दौड़ आनंदपूर्ण हो, इतना मैं कहूंगा। यह दौड़ पागल की नहीं होनी चाहिए, विक्षिप्त की नहीं होनी चाहिए। यह दौड़ नींद को हराम कर देने वाली नहीं होनी चाहिए। यह दौड़ ऐसी नहीं होनी चाहिए कि आदमी बिल्कुल होश खो दे और दौड़ता रहे। , और उसे पता भी न हो कि कहां दौड़ रहा है। यह दौड़ बहुत आनंदपूर्ण होनी चाहिए, यह दौड़ बहुत शांत होनी चाहिए, यह दौड़ बहुत स्वस्थ होनी चाहिए। यह हो सकती है। लेकिन हमने इस तरफ सोचा नहीं ।

# ऐसे शुरू हुई होगी नागपूजा

अरविन्द प्रेमचंद जैन

नाग पंचमी हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। हिन्दू पंचांग के अनुसार सावन माह की शुक्ल पक्ष के पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन नाग देवता या सर्प की पूजा की जाती है और उन्हें दूध से स्नान कराया जाता है।

लेकिन कहीं-कहीं दूध पिलाने की परम्परा चल पड़ी है। नाग को दूध पिलाने से पाचन नहीं हो पाने या प्रत्यूर्जता से उनकी मृत्यु हो जाती है। शास्त्रों में नागों को दूध पिलाने को नहीं बल्कि दूध से स्नान कराने को कहा गया है। इस दिन अष्टनागों की पूजा की जाती है।

वासुकिः तक्षकश्चैव कालियो मणिभद्रकः।
ऐरावतो धृतराष्ट्रः कार्कोटकधनंजयौ ॥
एतेऽभयं प्रयच्छन्ति प्राणिनां प्राणजीविनाम् ॥
(भविष्योत्तरपुराण - 32-2-7)

(अर्थ- वासुकि, तक्षक, कालिया, मणिभद्रक, ऐरावत, धृतराष्ट्र, कार्कोटक और धनंजय - ये प्राणियों को अभय प्रदान करते हैं।)

आज के पावन पर्व पर वाराणसी (काशी) में नाग कुआँ नामक स्थान पर बहुत बड़ा मेला लगता है], किंवदन्ति है कि इस स्थान पर तक्षक गरूड़ जी के भय से बालक रूप में काशी संस्कृत की शिक्षा लेने हेतु आये, परन्तु गरूड़ जी को इसकी जानकारी हो गयी,और उन्होंने तक्षक पर हमला कर दिया, परन्तु अपने गुरू जी के प्रभाव से गरूड़ जी ने तक्षक नाग को अभय दान कर दिया, उसी समय से यहाँ नाग पंचमी के दिन से यहाँ नाग पूजा की जाती है,यह मान्यता है, कि जो भी नाग पंचमी के दिन यहाँ पूजा अर्चना कर नाग कुआँ का दर्शन करता है, उसकी जन्मकुन्डली के सर्प दोष का निवारण हो जाता है।



नागपंचमी के ही दिन अनेकों गांव व कस्बों में कुश्ती का आयोजन होता है जिसमें आसपास के पहलवान भाग लेते हैं। गाय, बैल आदि पशुओं को इस दिन नदी, तालाब में ले जाकर नहलाया जाता है। संस्कृतिः हिन्दू संस्कृति ने पशु-पक्षी, वृक्ष-वनस्पति सबके साथ आत्मीय संबंध जोड़ने का प्रयत्न किया है। हमारे यहां गाय की पूजा होती है। कई बहनें कोकिला-व्रत करती हैं। कोयल के दर्शन हो अथवा उसका स्वर कान पर पड़े तब ही भोजन लेना, ऐसा यह व्रत है। हमारे यहाँ वृषभोत्सव के दिन बैल का पूजन किया जाता है। वट-सावित्री जैसे व्रत में बरगद की पूजा होती है, परन्तु नाग पंचमी जैसे दिन नाग का पूजन जब हम करते हैं, तब तो हमारी संस्कृति की विशिष्टता पराकाष्ठ पर पहुंच जाती है। गाय, बैल, कोयल इत्यादि का पूजन करके उनके साथ आत्मीयता साधने का हम प्रयत्न करते हैं, क्योंकि वे उपयोगी हैं। लेकिन नाग हमारे किस उपयोग में आता है, उल्टे यदि काटे तो जान लिए बिना न रहे। हम सब उससे डरते हैं। नाग के इस डर से नागपूजा शुरू हुई होगी, ऐसा कई लोग मानते हैं, परन्तु यह मान्यता हमारी संस्कृति से सुसंगत नहीं लगती।

नाग को देव के रूप में स्वीकार करने में आर्यों के हृदय की विशालता का हमें दर्शन होता है। %कृण्वन्तो विश्वमार्यम्?% इस गर्जना के साथ आगे बढ़ते हुए आर्यों को भिन्न-भिन्न उपासना करते हुए अनेक समूहों के संपर्क में आना पड़ा। वेदों के प्रभावी विचार उनके पास पहुँचाने के लिए आर्यों को अत्यधिक परिश्रम करना पड़ा।विभिन्न समूहों को उपासना विधि में रहे फर्क के कारण होने वाले विवाद को यदि निकाल दिया जाए तो मानव मात्र वेदों के तेजस्वी और भव्य विचारों को स्वीकार करेगा, इस पर आर्यों की अखण्ड श्रद्धा थी। इसको सफल बनाने के लिए आर्यों ने अलग-अलग पुंजों में चलती विभिन्न देवताओं की पूजा को स्वीकार किया और अलग-अलग पुंजों को उन्होंने आत्मसात करके अपने में मिला लिया। इन विभिन्न पूजाओं को स्वीकार करने के कारण ही हमें नागपूजा प्राप्त हुई होगी, ऐसा लगता है।

## भारत वर्ष में सर्प पूजन

भारत देश कृषिप्रधान देश हैं और है। सांप खेतों का रक्षण करता है, इसलिए उसे क्षेत्रपाल कहते हैं। जीव-जंतु, चूहे आदि जो फसल को नुकसान करने वाले तत्व हैं, उनका नाश करके सांप हमारे खेतों को हराभरा रखता है।

साँप हमें कई मूक संदेश भी देता है। साँप के गुण देखने की हमारे पास गुणग्राही और शुभग्राही दृष्टि होनी चाहिए। भगवान दत्तात्रय की ऐसी शुभ दृष्टि थी, इसलिए ही उन्हें प्रत्येक वस्तु से कुछ न कुछ सीख मिली। साँप सामान्यतया किसी को अकारण नहीं काटता। उसे परेशान करने वाले को या छेड़ने वालों को ही वह डंसता है। साँप भी प्रभु का सर्जन है, वह यदि नुकसान किए बिना सरलता से जाता हो, या निरुपद्रवी बनकर जीता हो तो उसे मारने का हमें कोई अधिकार नहीं है। जब हम उसके प्राण लेने का प्रयत्न करते हैं, तब अपने प्राण बचाने के लिए या अपना जीवन टिकाने के लिए यदि वह हमें डँस दे तो उसे दुष्ट कैसे कहा जा सकता है? हमारे प्राण लेने वालों के प्राण लेने का प्रयत्न क्या हम नहीं करते? साँप को सुगंध बहुत ही भाती है। चंपा के पौधे को लिपटकर वह रहता है या तो चंदन के वृक्ष पर वह निवास करता है। केवड़े के वन में भी वह फिरता रहता है। उसे सुगंध प्रिय लगती है, इसलिए भारतीय संस्कृति को वह प्रिय है। प्रत्येक मानव को जीवन में सद्गुणों की सुगंध आती है, सुविचारों की सुवास आती है, वह सुवास हमें प्रिय होनी चाहिए। हम जानते हैं कि साँप बिना कारण किसी को नहीं काटता। वर्षों परिश्रम संचित शक्ति यानी जहर वह किसी को यों ही काटकर व्यर्थ खो देना नहीं चाहता। हम भी जीवन में कुछ तप करेंगे तो उससे हमें भी शक्ति पैदा होगी। यह शक्ति किसी पर गुस्सा करने में, निर्बलों को हैरान करने में या अशक्तों को दुःख देने में व्यर्थ न कर उस शक्ति को हमारा विकास करने में, दूसरे असमर्थों को समर्थ बनाने में, निर्बलों को सबल बनाने में खर्च करें, यही अपेक्षित है।

# हिना खान का इंडियन लुक सोशल मीडिया पर हुआ जमकर वायरल



सोशल मीडिया पर हर दिन कई जबरदस्त फोटोशूट वायरल होते ही रहते है। टीवी एक्ट्रेस और या फिर बॉलीवुड एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर सभी को बराबर प्यार मिलता है। इसी बिच टीवी की टॉप एक्ट्रेस हिना खान काफी ज्यादा चर्चा में नज़र आ रही है। हिना उन कलाकारों में से एक है जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। हिना सोशल मीडिया पर अपनी कई तस्वीरें और वीडियो शेयर करती ही रहती है। इस बार हिना का लुक काफी ज्यादा चर्चा में आ गया है। इस बार हिना इंडियन लुक में नज़र आ रही है जिसको देखकर हर किसी की नींद उड़ गयी है। हिना ने इस फोटोशूट के दौरान पर्पल कलर का लेहंगा पहना है। इस पर्पल कलर के लहंगे में हिना काफी हॉट नज़र आ रही है। वही इस लहंगे के साथ उन्होंने नेकलेस और मैचिंग मांगटीका लगा रहा है। वही न्यूड मेकअप उनके इस लुक को पूरा कर रहा है। इन जबरदस्त तस्वीरों को शेयर करते हुए हिना ने लिखा-आज मूड इंडियन है। इन तस्वीरों को देखकर हर किसी की दिल की धड़कन काफी बढ़ गयी है। इस फोटोशूट के दौरान हिना अपने बालो और लहंगे के साथ अटखेलिया करती हुई नज़र आ रही है। इन तस्वीरों को देखने के बाद हर कोई हिना की खूबसूरत का दीवान बन गया है। ये फोटोशूट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। आपको ये फोटो शूट कैसा लगा निचे कमेंट में जरूर बताए।

## प्रणति राय प्रकाश 'ब्लैकवुड्स' में नकारात्मक भूमिका निभाएंगी

अभिनेत्री प्रणति राय प्रकाश को एकता कपूर की आगामी वेब सीरीज ब्लैकवुड्स में नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। प्रणति ने कहा, मैं पहली बार एक नकारात्मक भूमिका निभा रही हूं। वह स्पाइसी, उग्र और नाटकीय है। इसी तरह मैं अपने अगले किरदार को परिभाषित



कर सकती हूं। मैं एक और यात्रा पर पहुंचने के लिए उत्साहित हूं। सूत्रों के मुताबिक, ब्लैकवुड्स में प्रणति राय प्रकाश के साथ नकुल सहदेव, कनिका कपूर, विदुषी मेहरा भी नजर आएंगे।शो की शूटिंग मार्च में शुरू होने की उम्मीद है। ब्लैकवुड्स को अभिजीत ने निर्देशित किया है और इसका निर्माण एकता कपूर करेंगी।प्रणति राय प्रकाश एक भारतीय फैशन मॉडल है, जोकि मुख्यत इंडिया टॉप नेक्स्ट मॉडल 2016 संस्करण के लिए जानी जाती हैं। इसके अलावा वह मिस इंडिया 2015 की सेमी फाइनलिस्ट भी रह चुकी हैं। प्रणति राय प्रकाश कर्नल प्रेम प्रकाश और साधना राय के घर में हुआ था। प्रणति पटना, बिहार से ताल्लुकात रखती हैं। उन्होंने फैशन कम्युनिकेशन की पढाई एनआई?फ़टी, मुंबई से की। प्रणिती को योगा, पेंटिंग, डिजाइनिंग, और घूमने का बेहद शौक है। प्रणती को मिस इंडिया 2015 के बाद कई मॉडलिंग ऑफर्स मिले, वह इंडिया नेक्स्ट टॉप मॉडल सीजन 2 की विजेता भी हैं।

## हिमांशी खुराना को ऑफर हुई थी जॉन अब्राहम की फिल्म परमाणु

बिग बॉस 13 की एक्स कंटेस्टेंट हिमांशी खुराना ने खुलासा किया हैं कि उन्हें जॉन अब्राहम की फिल्म का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म परमाणु में हिमांशी को जॉन की पत्नी का रोल प्ले करना था, लेकिन बात नहीं बन पाई। हिमांशी खुराना ने बताया कि मेकर्स चाहते थे कि वह फिल्म में जॉन अब्राहम की पत्नी का रोल निभाए, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। हिमांशी ने बताया कि उन्हें वह ऑफर सही नहीं लगा था। उन्होंने कहा, मैंने जॉन अब्राहम की फिल्म परमाणु छोड़ दी थी। जब मुझे फिल्म का ऑफर मिला तो उस वक्त मैं दिल्ली में थी। मुझे जॉन अब्राहम की पत्नी का रोल करना था। कई लोग चाहते थे कि मैं उस रोल को स्वीकार कर लूं, लेकिन ईमानादारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं हो रहा था। उन्होंने आगे बताया, इसमें मेकर्स की कोई गलती नहीं है बल्कि उन्होंने तो मुझे समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन मैंने मना कर दिया। मैं सोच रही थी कि कोई किसी को ऐसे को रोल क्यों ऑफर करेगा, जो पंजाब से है मैं उस वक्त बहुत कन्फ्यूज हो गई थी, फिर मैंने मना कर दिया। लेकिन बाद में मुझे पता चला कि वह ऑफर असली था। जॉन अब्राहम की फिल्म परणाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरण साल 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी पोखरण में इंडिया के न्यूक्लियर टेस्ट पर आधारित थी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम के साथ डायना पेंटी और बोमन ईरानी जैसे सितारे नजर आए थे।

# वर्षों बाद अभय देओल के साथ फिर से काम करने पर इमोशनल हुई माही गिल



फिल्म देव डी करने के 12 साल बाद अभय देओल के साथ फिर से काम करके माही गिल खासी इमोशनल हो गईं हैं। वे युद्ध पर आधारित अपनी आगामी वेब सीरीज 1962: द वार इन द हिल्स में देओल के साथ नजर आएंगी। इस सीरीज में अभय देओल आर्मी ऑफिसर मेजर सूरज सिंह की भूमिका में हैं और माही उनकी पत्नी शगुन के रोल में हैं। माही ने कहा, मैं हमेशा से उनके साथ काम करना चाहती थी लेकिन दुर्भाग्य से कई साल तक ऐसा संभव नहीं हो पाया। अभय देओल मेरे पहले हीरो हैं और बहुत ही प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। मुझे जैसे ही पता चला कि वह मेजर सूरज सिंह का किरदार निभा रहे हैं, मैं बहुत इमोशनल हो गई थी। मैं फिर से उनके साथ काम करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उनके साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। हम लोगों में बहुत अच्छी अंडरस्टैंडिंग है। वह हमेशा अपने को-एक्टर्स को भी सहज महसूस कराते हैं। महेश मांजरेकर के निर्देशन में काम करने को लेकर माही ने कहा, शगुन का किरदार मेरे लिए एक बहुत बड़ी यात्रा रही है। वह बहुत बहादुर है, लेकिन वह जानती है कि आर्मी लाइफ आसान नहीं है। उसके पति मेजर सुरेंद्र सिंह पहले एक सैनिक हैं और बाद में उसके पति हैं। वह अपनी जिंदगी में आए दुख-तकलीफों से बहादुरी से लड़ती है। माही कहती हैं, यह किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि मेरे दादाजी सेना में थे। मेरे बहुत सारे दोस्त भी सेना में हैं। उनकी जिंदगी, हिम्मत और माइंडसेट को करीब से जानने के कारण मुझे यह किरदार निभाने में मदद मिली। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई प्रोजेक्ट में शामिल माही का कहना है कि इसमें बॉक्स ऑफिस का दबाव नहीं है। वह कहती हैं, इसमें स्ट्रेस नहीं है। मैंने हमेशा कहा है कि ओटीटी भविष्य है। मैं बड़े पर्दे को याद नहीं करती हूं, हालांकि मैं बड़े पर्दे पर फिल्में देखते हुए बड़ी हुई हूं और मेरी पहली फिल्म भी बड़े पर्दे पर ही रिलीज हुई थी।

# रिया कपूर, गुनीत मोंगा और ताहिरा कश्यप द मैरिड वुमन की विशेष स्क्रीनिंग करेंगी होस्ट

ऑल्ट बालाजी का शो द मैरिड वुमन अपने लॉन्च से बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है, ऐसे में बहुचर्चित-शो के प्रति उत्साह अपने चरम पर है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 8 मार्च को लोकप्रिय प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए निर्धारित, एकता कपूर द्वारा शो के हाल ही में पोस्ट किए गए ट्रेलर में ऋद्धि डोगरा और मोनिका डोगरा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। ट्रेलर ने दर्शकों, फ्रेटर्निटी और आलोचकों को अपनी प्रगतिशील और पाथ-ब्रेकिंग कंटेंट के लिए समान रूप से प्रभावित कर लिया है।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि रिया कपूर, गुनीत मोंगा और ताहिरा कश्यप खुराना सहित मनोरंजन बिरादरी की कुछ सबसे प्रसिद्ध महिलाएं, शो लॉन्च से एक दिन पहले 7 मार्च को



मुंबई में शो की विशेष स्क्रीनिंग की मेजबानी करना चाहती हैं। आपको याद दिला दें कि हाल ही में एकता कपूर, गुनीत मोंगा, ताहिरा कश्यप खुराना और रुचिका कपूर ने इस साल जनवरी में इंडियन वूमेन राइजिंग -ए सिनेमा कलेक्टिव नाम



से एक पहल शुरू की है, जो महिला निर्देशकों को फलने-फूलने और आगे आने के लिए प्रेरित करती है। चूंकि, द मैरिड वुमन महिलाओं और उनकी पसंद के इर्द-गिर्द घूमती एक आकांक्षात्मक कहानी के साथ एक बहुत ही अलग शो है, ऐसे में रिया कपूर, गुनीत मोंगा और ताहिरा कश्यप खुराना इस शो की विशेष स्क्रीनिंग की मेजबानी के लिए एक साथ आ गयी हैं।

## अय्यपनम कोशियुम के हिंदी रीमेक में साथ नजर आएंगे जॉन और अभिषेक

बॉलीवुड के कलाकार जॉन अब्राहम और अभिषेक बच्चन के चाहने वालों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जिसको सुनने के बाद आप भी खुश हो जाएंगे। जी हां इस वक्त की आई ताजा खबरों के अनुसार जॉन अब्राहम और अभिषेक



बच्चन आने वाले दिनों में एक साथ मलयालम सुपरहिट फिल्म अय्यपनम कोशियुम के हिंदी रीमेक में नजर आने वाले है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस फिल्म के हिंदी रीमेक में दोनों कलाकारों को लेने की बाते पिछले साल मार्च के महीने से आ रही थी लेकिन अचानक देश में कोरोना वायरस की वजह से फिल्म इंडस्ट्री को काफी कुछ सहना पड़ा था। जिसके बाद मेकर्स ने तय किया था कि जब देश के हालात सामान्य होंगे तब वो इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। हालांकि अब खबरों में कहा जा रहा है कि जॉन अब्राहम और अभिषेक बच्चन एक साथ फिर सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई देने वाले है। खबरों के अनुसार इस फिल्म के लिए खुद जॉन और अभिषेक बच्चन का नाम फाइनल कर दिया गया है। फिल्म अय्यपनम कोशियुम दो हीरोज वाली फिल्म है जो दोनों ही कलाकारों के किरदारों के साथ न्याय करने वाली है। हालांकि अब फिल्म दोस्ताना के बाद जॉन अब्राहम और अभिषेक बच्चन की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई देने वाले है।



# लगातार हाई हील पहनने से शरीर में होती है अनेकों प्रकार की ऐसी समस्याएं



हाई हील पहनने से शरीर को होने वाले ख़तरे शायद इस वाक्य को महिलाएं गम्भीरता से न लें। यह इसलिए, क्योंकि हाई हील महिलाओं के फुटवियर का एक अहम हिस्सा है। अलग-अलग मौकों और ज़रुरत के अनुसार महिलाएं हील की चप्पल, सैंडल और जुतियां पहनती हैं। हालांकि, हील पहनने से पैरो समेत शरीर के कई अंगो पर क्या असर पड़ता है या उन्हें क्या समस्याएं हो सकती हैं, इसके बारे में महिलाओं को जानकारी नहीं होती। इस बात को अब डॉक्टर भी मानते हैं कि हील के नियमित प्रयोग से महिलाओं को घुटनों की समस्या समेत अनेकों प्रकार की समस्याएं होनी शुरू हो जाती है....

**पैर में समस्याएं :-** व्यक्ति के पैरों की बनावट शरीर का भार सहने और उन्हें खड़ा रखने के हिसाब से बनाई गई है। पैर पूरे शरीर को संतुलित रखते हैं। पैरों की मदद से चलने, दौड़ने, उचकने आदि कामो में हड्डी के ढाँचे (कंकाल) को झटके झेलने और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। जितनी लंबी हील होती है, पैरों पर उतना ही दबाव पड़ता है। उदाहरण के तौर पर; 4 इंच की हील पैर के अगले हिस्से पर शरीर के वज़न का 30त्न से अधिक दबाव डालती है। नियमित रूप से हील पहनने से, पैर को टेढ़ी स्थिति में रखना पड़ता है जिससे पैरों की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। यहाँ तक कि इससे नाखूनों की बनावट भी बिगड़ने का डर रहता है।


**टखने और पिंडलियां में समस्याएं :-** हील पहनने की वजह से पैर अपनी प्राकृतिक स्थिति से कहीं अधिक कोण पर मुड़ जाते हैं। इस कारण पैरों और आस-पास के अंगो में रक्त संचार कम हो जाता है। लंबे समय तक हील पहनने से यह दबाव खून का सचार लगभग पूरी तरह रोक देता है, जिससे वहां मौजूद स्पेल स्पाइडर नसें क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। हील पहन कर अधिक समय तक चलने से एचिलिस टैंडन पर जोर पड़ता है जिस से वह कड़ी हो सकती हैं।

**घुटने में समस्याएं :-** इंसान के शरीर में उसके घुटने सबसे बड़े जोड़ होते हैं। किसी शारीरिक काम में यह झुक कर एक शॉक एब्जॉर्बर (झटका सहन करने वाले) स्प्रिंग की तरह काम करते हैं। हाई हील से घुटनो पर अंदर की तरफ दबाव पड़ता है। अगर ऐसा लगातार होता रहे तो घुटनो को होने वाला नुक्सान ठीक नहीं किया जा सकता।

**कूल्हे और कमर में समस्याएं :-** हाई हील पहनने से महिला के कूल्हे और कमर पर अप्राकृतिक जोर पड़ता है। साथ ही हील पहनी महिला को एक ख़ास पोज़ में खड़ा रहना या चलना पड़ता है।

## अगर परफ्यूम लगाना आपका शौक है, जानिए क्या कहता है ये सर्वे

अगर आप इत्र लगाने के शौकीन हैं तो आपको थोड़ा सावधान होने की जरूरत है। मानव निर्मित इत्र के कुछ अणुओं में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की क्षमता होती है। इनका लंबे बाद असर हमारे परिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है। नहरों के शहर, वेनिस पर किए गए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने सुगंध वाले अणुओं का पता लगाने के लिए दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाले साबुन, डिटर्जेंट, शैंपू और कई व्यक्तिगत स्वच्छता



वाले उत्पादों की वेनिस की नहरों में जांच की। निष्कर्ष में यह सामने आया कि आवास वाले क्षेत्रों से ज्यादा दूरी वाले इलाकों में सुगंध वाले अणुओं की मात्रा शहर के अंदर की नहरों की तुलना में 500 गुना ज्यादा रहा। अध्ययन के निष्कर्ष पत्रिका 'साइंस ऑफ दि टोटल इनवायरमेंट' में प्रकाशित किए गए। अध्ययन में खुलासा हुआ कि पानी के कम प्रवाह वाले क्षेत्र से जुटाए गए नमूनों में अनुपचारित अपशिष्ट पानी की तुलना में बराबर मात्रा देखने को मिली। इटली के वेनिस विश्वविद्यालय के पोस्ट डॉक्टोरल छात्र, मार्को वेक्कियाटो ने कहा कि यह अध्ययन पुष्टि करता है कि वेनिस की नहरों में सुंगधित पदार्थ लगातार छोड़े जा रहे हैं, जो कम और कभी ज्यादा प्रवाह से ऐतिहासिक केंद्र और झीलों में जा रहे हैं। झील के पानी में मौजूद ज्यादातर यौगिकों में बेंजिल सेलिसिलेट पाया जा रहा है। इसका इस्तेमाल सौंदर्य प्रसाधन सामग्रियों में सुगंध लाने के लिए किया जाता है। यह पराबैंगनी किरणों को शोषित करने और त्वचा में जलन की समस्या पैदा करता है।




# सांसद संध्या राय ने प्रधानमंत्री मोदी से की भेंट बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत राशि की मांग की'

**(भाजपा सांसद श्रीमती संध्या राय ने पीएम नरेंद्र मोदी को भिंड और दतिया जिले के बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए विशेष पैकेज के लिए दिया पत्र)**

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्डढ्ढभाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं-दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से भेंटकर क्षेत्र में आई बाढ़ के विषय में चर्चा की एवं अपने लोकसभा क्षेत्र भिण्ड-दतिया जिले में बाढ़ ग्रसित परिवारों के लिए विशेष राहत राशि की मांग की।

भाजपा मीडिया सेंटर से अजय शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भिंड और दतिया की प्राकृतिक आपदा से बाढ़ से प्रभावित जिलों के विशेष पैकेज के लिए पत्र सौंपते हुए उनका ध्यान आकर्षित कराया जिसमें भिंड और दतिया जिले के तहसीलों में 3/8/2021 को अधिकांश गांव पानी के बढ़ते हुए स्तर को देखकर पूर्ण रूप से डूब गये हैं जिसमे भिंड, लहार, रोन, मिहोना, मेहगांव, अटेर, अमायन, मौं, सेवड़ा, दतिया, बड़ौनी, इंदरगढ़ इत्यादि तहसीलों मैं बाढ़ का भारी प्रकोप देखने को मिला जिसमें अधिकतर गांव प्रभावित हुए हैं 7 इसी क्रम में भिंड जिले के अंतर्गत 67 गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं, लगभग पूर्ण रूप से 2184 मकान क्षतिग्रस्त, आंशिक रूप से 312 क्षतिग्रस्त मकान, कई हेक्टर फसल, पशु हानि, एक दो जगह जनहानि, 17 पंचायत भवन, 90 मुक्तिधाम, लगभग 110 सड़कें, 87 पुलिया, तीन पुल, जखमोली एवं इंदुर्खी, कालका माता अतरसुमा पुल जैसे महत्वपूर्ण पुल साथ ही मार्ग आवागमन, 90 विद्युत ट्रांसफॉर्म, लगभग 70 पेयजल हेडपंप भी बाढ़ के बढ़ते हुए प्रकोप में समां गए 7 इसी प्रकार जिला दतिया के अंतर्गत 36 ग्रामों में लगभग 876 आवास पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त एवं 968 हेक्टर फसलें पूर्ण रूप से नष्ट हो चुके हैं, 175 पशु हानि, लगभग 5000 लोगों का जीना अस्त व्यस्त हो गया है एवं तीन बड़े पुल संकुआ(सेवड़ा) एवं रतनगढ़ वाली



माता जाने वाला पुल, ग्वालियर और दतिया जिले को जोड़ने वाला लाच और प्रमुख बड़े-बड़े पुल थे जो एक मार्ग को दूसरे मार्ग से मिला करते थे साथ ही विद्युत पेयजल आवास सड़कें इत्यादि पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं।

भाजपा सांसद श्रीमती संध्या राय ने पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान आकर्षित करते हुए का भिंड और दतिया जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भ्रमण के दौरान मुझे ग्रामवासियों की तबाही का मंजर देखने को मिला 7 लोग गांव से निकलकर सड़कों पर पन्नी की मड़ैया बांधकर कर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं 7 बाढ़ग्रस्त परिवारों पर बहुत बड़े संकट की घड़ी आ पड़ी है जिसमें छोटे-छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्गों महिलाओं की स्थिति बहुत देखने को मिली, लोगों का वर्षाजल भर जाने से खाने-पीने का सामान, गृहस्थी का सामान बाढ़ में बह गया है जब इन सभी ग्राम वासियों के साथ एक चर्चा से पता लगा कि उन लोगों को एक ऊंचाई जगह पर अशासकीय जगह पर बने हुए आवास मिल जाए ऐसी सभी ग्रामवासियों की मांग है 7 ग्राम सांदुरी, हृदय का पुरा, कछार, निवसाई, कुशमारिया पर स्थिति बहुत खराब है 7 यहां के लोग अति गरीब हैं, इन लोगों को शासन द्वारा बने हुए आवास मिल जाए इसी के तहत उन्होंने बाढ़ से प्रभावित जिलों के लिए विशेष सहायता की राशि स्वीकृत किए जाने की मांग की ताकि सभी लोग की दिनचर्या पटरी पर वापस लौट सके ।

## वन-टू-वन

### 'सज्जन वर्मा को नेता प्रतिपक्ष बनाने की सोशल कांग्रेस ने माँग की'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)।मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस की आवाज बुलंद रहे ,इसके लिए पूर्व मंत्री एवं सोनकछ विधायक सज्जन सिंह वर्मा को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना चाइये ! यह मांग भिण्ड से युवा कांग्रेस नेता दीपू दुबे जिला संयोजक ,युवा कांग्रेस भिण्ड ने की है !दुबे ने बताया कि वर्मा उन नेताओं में से है जब पूरे प्रदेश् के विश्वविद्यालयों में भाजपा के अध्यक्ष थे तब वे इकलौते ऐसे कांग्रेसी थे जिनोने जीत दर्ज की थी !वर्मा इतनी उम्र के बाद भी युवा कांग्रेस के साथ हर दम कड़े रहते है और युवाओं को मार्गदर्शक भी देते है! सत्ता हो या विपक्ष में ,हर समय भाजपा के खिलाफ तीखे हमले किये है !दुबे ने यह भी बताया कि प्रदेश में कांग्रेस की मजबूती के लिए सज्जन सिंह वर्मा जैसे ईमानदार नेता की अगुवाई होना जरूरी है ! विधानसभा में वर्मा की आवाज बुलंद होगी तोह प्रदेश में कांग्रेस को ताकत मिलेगी

### रक्षाबंधन पर इस बार सूर्योदय के पहले ही समाप्त हो जाएगी भद्रा

-राखी बांधने के लिए पूरा दिन श्रेष्ठ, शुभ योगों का भी रहेगा संयोग

**भोपाल ।** आमतौर पर रक्षाबंधन के दिन भद्रा की स्थिति बनती है, इसलिए राखी बांधने के लिए भद्रा समाप्ति का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन इस बार रक्षाबंधन पर्व में भद्रा आड़े नहीं आएगी। रक्षाबंधन पर सूर्योदय के पहले ही भद्रा की समाप्ति हो जाएगी, इसलिए पूरा दिन राखी बांधने के लिए श्रेष्ठ रहेगा। इसी के साथ इस दिन ग्रह नक्षत्रों के मेल से कई शुभ संयोग भी विद्यमान रहेंगे। रक्षाबंधन 22 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन बहने अपने भाइयों को राखी बांधेगी और रक्षा का वचन लेगी। शहर में रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू हो गई है। पूर्णिमा होने के कारण अक्सर रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहता है। कई बार सुबह से दोपहर बाद तक भद्रा की स्थिति रहती है, भद्रा की समाप्ति के बाद ही राखी बांधी जाती है। इस बार भद्रा 22 अगस्त को ब्रह्म मुहूर्त में 5 बजकर 19 मिनट पर ही समाप्त हो जाएगी। इसलिए सूर्योदय से लेकर पूरा दिन राखी बांधने के लिए शुभ रहेगा।

#### दो शुभ योग

ज्योतिष मठ संस्थान के पं. विनोद गौतम के अनुसार रक्षाबंधन के दिन दो शुभ योग विद्यमान रहेंगे। सुबह से शाम तक मातंग योग रहेगा और दोपहर 12 बजे तक शोभन योग का संयोग भी रहेगा।

#### पूरा दिन शुभ

ब्रह्म ज्योतिष संस्थान के पं. जगदीश शर्मा ने बताया कि भद्रा इस दिन सूर्योदय के पहले ही खत्म हो जाएगी, इसलिए पूरा दिन ही राखी बांधने के लिए श्रेष्ठ है। इस दिन शोभन योग भी रहेगा। इसी प्रकार धनिष्ठा नक्षत्र रहेगा। पं. शर्मा के अनुसार वैसे तो राखी बांधने के लिए पूरा दिन शुभ है लेकिन शाम 4~30 से 6 बजे तक राहुकाल है। इसलिए राहु काल में रक्षा सूत्र बांधने से बचें।

#### सजने लगे राखी के बाजार

हर साल रक्षाबंधन के एक माह पहले ही बाजारों में राखियों की दुकाने सज जाती थी, लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण के कारण देर से दुकाने सज रही है। बाजारों में राखियों के स्टॉल लगने लगे हैं, लेकिन फिलहाल खरीदारी कमजोर है, लेकिन व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में ग्राहकी जोर पकड़ेगी। पुराने शहर के थोक दुकानों से राखी की बिक्री धीरे-धीरे शुरू हो गई है, वहीं नए शहर के बाजारों में भी धीरे-धीरे दुकानदार स्टाल लगाने लगे हैं।

### वैक्सीनेशन से छूटे लोगों को घर-घर जाकर ढूंढेंगे

-भोपाल शहर के 3 लाख को एक भी डोज नहीं लगा; 7 दिन में इन्हें तलाशने के लिए 1800 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का जिम्मा

**भोपाल )।** राजधानी भोपाल में वैक्सीनेशन अभियान की रफ्तार तेज करने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने नई रणनीति बनाई है। अब राजधानी के 3 लाख पहला डोज नहीं लगाने वाले नागरिकों की घर-घर जाकर जानकारी जुटाई जाएगी। इसका वार्ड अनुसार डेटा तैयार करने के बाद नॉन वैक्सीनेटेड लोगों को अगले 15 दिनों में वैक्सीन लगाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के 1800 आंगनवाड़ी केन्द्रों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद ली जा रही है। भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देश पर गुरुवार से घर-घर सर्वे करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। भोपाल में वैक्सीन लगाने का टॉरगेट आबादी करीब 19 लाख 30 हजार के करीब है। इसमें से पहला डोज 16 लाख 5 हजार 291 को पहला डोज लग गया है। वहीं, दूसरा डोज 4 लाख 47 हजार 301 ने लगवाया है। अभी भोपाल में दूसरा डोज लगाने वालों की पेंडेंसी करीब 60 हजार के आसपास है। भोपाल में कुल 20 लाख 52 हजार 552 लोगों को पहला और दूसरा डोज लगा है। इसमें 11 लाख 34 हजार 570 पुरुष और 9 लाख 17 हजार 572 महिलाएं शामिल है। इसके अलावा अन्य 450 को वैक्सीन लगी है। जिसमें 17 लाख 98 हजार 114 लोगों को कोवीशील्ड और 2 लाख 53 हजार 627 लोगों को कोवक्सीन और 851 लोगों को स्पूतनिक वैक्सीन लगी है। वहीं, 18 से 44 उम्र के 11 लाख 60 हजार 66, 45 से 60 उम्र के 5 लाख 71 हजार 459 और 60 वर्ष की उम्र के 3 लाख 61 हजार 67 को वैक्सीन लगी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पिछले दिनों से लोग वैक्सीन लगाने को लेकर कतरा रहे है। स्लॉट भी पूरे बुक नहीं हो रहे है। ऐसे में तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए पूरी आबादी को वैक्सीनेटेड करने के लिए नॉन वैक्कसीनेटेड लोगों का डाटा बेस तैयार किया जा रहा है। ताकि विशेष अभियान चला कर उनको वैक्सीन लगाई जा सके।

# स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की कार्यशाला आज शिव उत्सव वाटिका में

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ् ने बताया कि भिंड जिले के स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की कार्यशाला तेरा अगस्त को प्रातः 10 से शाम 5~00 बजे तक शहर के अटेर रोड स्थित शिव वाटिका परिसरमें आयोजित की गयी है। कार्यशाला में सभी मंडलों के अध्यक्ष सहित टोली के चार सदस्य प्रशिक्षण हेतु उपस्थित रहेंगे। पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि स्वास्थ्य स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण अभियान के विषय पर विशेषज्ञ द्वारा सत्र को संबोधित करेंगे। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश



कार्यकारिणी सदस्य जिले के प्रभारी पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व उपाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे द्य

भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने बताया चिकित्सा, आईटी एवं सोशल मीडिया और महिला या अन्य विषयों पर संबोधन होगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने बताया की कार्यशाला जिला स्तरीय आयोजित होगी जिसमें अपेक्षित लोगों को आमंत्रित किया गया है उसके बाद भिंड जिले के 26 मंडलों के 1480 मतदान केंद्रों पर कोविड-19 की तीसरी लहर से बचने के लिए लोगों में जाग्रता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए बूथ स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें समझाइश दी जाएगी कि यह करोना वायरस महामारी से बचने के लिए क्या उपाय होंगे इसके लिए स्वास्थ्य सेवाएं को को ध्यान में रखते हुए कैसे बचाया जा सकता है जिस पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण टीम द्वारा उन्हें बताया जाएगा, यह अभियान हम सबके लिए महत्वपूर्ण है।

## समाजसेवी भामाशाह महेन्द्रसिंह राजपुरोहित का कर्नाटक धर्म रत्नाकर पुरस्कार 2021 देकर सम्मानित किया गया



**ब्यूरो पुष्पाजली टुडे**

मैसूरु.~ गुरूवार सुमंगली सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आज विभिन्न क्षेत्रों में जनसेवार्थ कार्य करने पर समाजसेवी भामाशाह बनूर डॉ.महेन्द्र सिंह कालापा राजपुरोहित का कर्नाटक धर्म रत्नाकर पुरस्कार 2021 दे कर सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर चामराजा विधान सभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के अन्य भाषा प्रकोष्ठ के सचिव पृथ्वी सिंह चांदावत,श्रीरंगपटण के पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण,पार्षद नंदीश, ईट्टकेगुड कन्नड़ समिति के अध्यक्ष एन.नीलकंठ,ज्योतिष जे.आर.मनोज शर्मा,पी.एच. चंद्रशेखर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।



## पर्यावरण संरक्षण महा अभियान वृक्षारोपण किया गया

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

*पाली निकटवर्ती ग्राम पंचायत सोड़ावास गांव में पेड़ लगाओ अभियान के तहत ग्रीन आर्मी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया गया ।पीएम आवास मंडल कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ग्रीन आर्मी द्वारा। इस मौके पर पाली प्रधान मोहनी पुखराज पटेल, प्रधानाचार्य, सरपंच राधा चौधरी, भाजपा हेमावास मंडल कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष वोराराम सीरवी,प.स रामलाल सरगरा , अध्यापक हीराराम सीरवी, चंदन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।*

# कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन कोविड-19 सेंटर पर 709लोगों को लगाई गई वैक्सीन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड।भाजपा द्वारा चलाए जा रहे कोविड-19 पीड़ित परिवार जनों की सहायता और वैक्सीन अभियान के तहत कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत भिंड शहर के बाहर मंडल धर्मशाला में आयोजित कोविड-19 सेक्टर में 7श9 लोगों को वैक्सीन लगाई गई जिसमें सर्व समाज के लोग ने शांति सद्भावना से अपने परिवार सहित लोगों को टीके लगवाए अभियान में लोगों की जागरूकता अधिक बढ़ रही है 7 वैक्सीन सेंटर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा एवं राष्ट्रीय नमो संघ महिला इकाई की जिला अध्यक्ष भाजपा युवा नेत्री श्रीमती ज्योति बोहरे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री वरिष्ठ अभिभाषक आरबी सिंह बघेल ने बी अपना दूसरा डोस स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से लगवाया और इस अभियान की उन्होंने भरपूर प्रशंसा की 7



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं सेक्टर संयोजक रमेश दुबे ने बताया की बरसते हुए पानी में भी महिलाओं और युवाओं ने लाइन में लगकर अपनी जाग्रता दिखाई और उनमें काफी उत्साह भी दिखाई दिया स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की मदद से लोगों को टीकाकरण लगाए जाने में मदद मिल रही है इस अभियान में सर्व समाज के लोगों जागरूक हो रहे हैं सुबह से ही कोविड-19 सेंटर पर महिलाओं और 18 साल युवाओं की संख्या अधिक देखने में मिल रही है भाजपा नेता दुबे ने उन्होंने लोगों से अपील की कि लोगों के द्वारा फैलाई जा रही बातों में ना आकर अधिक से अधिक संख्या में सेक्टर पर पहुंचकर लोगों का टीकाकरण कराएं कुछ शासन की व्यवस्थाएं आप सबकी मदद अति आवश्यक है वैक्सीन की कोई कमी नहीं है सभी लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी लोगों में काफी जाग्रता है और लोग वैक्सीन के लिए सेक्टर पर पहुंच रहे हैं केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार है प्रदेश की जनता के साथ वैक्सीन अभियान में लगी हुई है 7 कोविड-19 सेक्टर पर अपनी सर्व समाज के व्यक्तियों ने लाइन में खड़े होकर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पार्टी कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग किया 7

अभियान में भाजपा नेता रामदास सोनी एडवोकेट, लटूरी प्रसाद शर्मा, राजीव दीक्षित, विकास शर्मा ,डॉ तरुण शर्मा ,दिलीप बोहरे ,उदयवीर सिंह कुशवाह ,भाजपा वन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, महामंत्री रवि बाजपेई,राधा मोहन चौबे,अनिल दुबे अनु,अजीत सिंह कुशवाह प्रमुख उपस्थित विशेष रुप से पूरे समय उपस्थित रहकर लोगों को वैक्सीन लगवाने में सहयोग प्रदान किया ।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद के लिए सामने आईं एसपी की दो ज़ुड़वा बेटी,महिलाओं के लिए किया ऐसा काम की हो रही खूब तारीफ

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

भिंड / मध्य प्रदेश के कई जिलों में आई बाढ़ ने सब कुछ बर्बाद कर दिया।इस तबाही के बाद सिर्फ बर्बादी और लोगों की बेबसी का मंजर दिख रहा है. इस दौरान बाढ़ के बाद मदद के लिए कई हाथ उठ रहे हैं. कोई रोटी लेकर पहुंच रहा है तो कोई फल, लेकिन इन दिनों भिंड जिले में दो जुड़वा बहनों ने इस आपदा के समय बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर चर्चा का विषय बन गई हैं. ये दोनों जुड़वा बहनें बाढ़ पीड़ित महिलाओं और युवतियों को दो हज़ार सेनेटरी पेड्स वितरित किए हैं. वह भी अपनी बचत से, ये दोनों बच्चियां भिंड पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह की जुड़वां बेटियां हैं.जिनके इस प्रयास ने न सिर्फ़ मेन्स्ट्रूअल हाईजीन को लेकर गम्भीरता दिखाई है, बल्कि इस विषय को लेकर समाज में लोग बात तक नहीं करते और शर्माते हैं, समाज में जागरूकता की एक अलख भी जगाई है।

कहने को नव्या और भव्या दोनो जुड़वा बहने एक आईपीएस ऑफ़िसर की बेटियां हैं, लेकिन दोनों ही ज़मीनी स्तर पर रह कर एक आम ज़िंदगी जीना पसंद करती हैं. लोगों से मिलना उन्हें समझना हर क्षेत्र और परिवेश से वाक़िफ़ होना पसंद है. उससे भी ज़्यादा उन लोगों की मदद करना जिन्हें वाक़ई मदद की ज़रूरत है. नव्या ने बताया की वे हमेशा से ही ऐसे लोगों की मदद करने की कोशिश करती हैं जिन्हें समाज में कम सुविधाएं मिलती हैं. उन्होंने कहा कि भिंड में भी बाढ़ आने की जानकारी मिली तो महिलाओं और बच्चों को कपड़े और सेनेटरी पेड्स वितरित करने बाढ़ प्रभावित गांव भारौली पहुचीं.

नव्या और भव्या के सेनेटरी पैड्स बांटने के विचार पर बताया कि आज के समय में मेन्स्ट्रूअल हाईजीन बेहद ज़रूरी है. संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस बारे में बात करता है।फिर कोविड हो या बाढ़, महिलाओं के पीरियड्स तो नहीं रुकते, इसलिए उनका प्रयास है कि इन परिस्थितियों में कम से कम महिलाओं को



मेन्स्ट्रूअल हाईजीन के लिए एक अच्छा प्रोडक्ट दे सकें।

आईपीएस ऑफ़िसर की बेटियां होने के बाद भी छोटी सी उम्र में भी नव्या और भव्या को दूसरों की मदद करना अच्छा लगता है, लेकिन उन्हें अपने काम में पिता का नाम जुड़ना पसंद नहीं है।यही वजह है की उनके द्वारा बाढ़ पीड़ितों को बांटे गए दो हजार सेनेटरी पैड्स भी उन्होंने खुद ख़रीदे हैं. भव्या ने बताया की तीन साल पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म इंस्टाग्राम पर रीडिंग मैजिक नाम की एक ऑनलाइन शॉप बनाई है. जिसमें बुक्मार्क्स, टी-शर्ट्स, कुशन कवर, बैज़ेस नोट्बुक, नोट पैड्स जैसे प्रॉडक्ट्स सेल करते हैं. इससे जो भी प्रॉफ़िट होता है, उसे चेरिटी वर्क में खर्च करते हैं. इस बार भिंड में बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों में महिलाओं को सेनेटरी पैड्स देने का फ़ैसला किया है.

भिंड में सेनेटरी पैड्स बांटने के लिए ख़रीदी करने नव्या और भव्या ने ऑनलाइन होल्सेलर से सम्पर्क किया था. भिंड के मनेपुरा में स्थित 'राग इनोवेशन' के अनुराग पेडवाला से बात हुई। शुरुआत में आम ग्राहक की तरह ही रीटेल प्राइज़ 26 रुपय पैकेट के हिसाब से बताए, लेकिन जब ऑर्डर की संख्या हज़ारों में बताई तो अनुराग ने उनसे इतने पैकेट्स ख़रीदने की वजह जाननी चाही और जब उन्हें पता चला की ये सेनेटरी पैड्स डोनेट किए जाने को लेकर ख़रीदे जा रहे हैं. तो उन्होंने इन्हें मेकिंग कॉस्ट यानी सिर्फ़ 10 रुपय प्रति पैकेट में देने का फ़ैसला किया. इस तरह नव्या और भव्या को अपने प्रोफ़िट के 20 हज़ार रुपये में 2000 सेनेटरी पेड्स के पैकेट बांटने की लिए उपलब्ध हो गए।

# मोदी सरकार के नए मंत्री निकलेंगे जन आर्शीवाद यात्रा पर, MP में 3 केंद्रीय मंत्री होंगे शामिल,सिंधिया मालवा की संभालेंगे जिम्मेदारी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक, पुष्पांजली टुडे**

भोपाल / मोदी कैबिनेट के नए मंत्रियों के लिए बीजेपी देश भर में जन आशीर्वाद यात्रा निकालने जा रही है. इस यात्रा के जरिए मोदी के मंत्री जनता से आशीर्वाद मांगेंगे. साथ ही आशीर्वाद यात्रा निकालकर सभी धार्मिक स्थानों पर धर्मगुरुओं का आशीर्वाद लेंगे. वहीं, इस दौरान जिनके परिवार में कोई शहीद हुआ है, उनके परिजनों से भी कार्यकर्ता मुलाकात करेंगे। बता दें कि इस जन आर्शीवाद यात्रा कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश में भी तीन केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे.मालवा निमाड़ में ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाकौशल में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक और केंद्रीय पिछड़ा वर्ग मंत्री एसपीएस बघेल के नेतृत्व में ग्वालियर चंबल में यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा में सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री सिंधिया के साथ खरगोन में यात्रा में शामिल होंगे. जबकि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के साथ मौजूद रहेंगे।



बता दें कि यह यात्रा 16 अगस्त से शुरु होकर 19 अगस्त तक चलेगी. जिसमें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल सभी नव नियुक्त 39 मंत्री यात्रा पर निकलेंगे. इस यात्रा के जरिए मोदी के मंत्री जनता से आशीर्वाद मांगेंगे. इस यात्रा के तहत सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र के अलावा तीन और संसदीय सीटों का दौरा करेंगे. इसके अलावा 4 जिलों में जाएंगे. इस यात्रा का प्लान भी मंत्रियों ने नहीं बल्कि खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने ही तैयार किया है।

## सिंधिया को दिल्ली में एक बार फिर मिला पसंदीदा सरकारी बंगला यहीं बीता था पिता के साथ उनका बचपन

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक, पुष्पांजली टुडे**



*भोपाल केंद्रीय मंत्री बनाए जाने के बाद एक बार फिर ज्योतिरादित्य सिंधिया को 27, सफदरजंग रोड वाला बंगला मिला है।इस बंगले में कभी उनके पिता स्व. माधवराव सिंधिया रहते थे।हालांकि वर्तमान में यह पूर्व शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के पास है।जिसे जल्द निशंक खाली कर देंगे।सिंधिया मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार में नागरिक उड्डयन मंत्री बनाए गए हैं।अब वे अपने इस सरकारी बंगले मे नवंबर तक शिफ्ट होंगे। यह वही बंगला है जो 33 सालों पहले उनके पिता माधवराव को आवंटित हुआ था, तब ज्योतिरादित्य 13 साल के थे।इसी बंगले में उनका बचपन बीता और स्कूल की शिक्षा हासिल की।बता दें कि 27, सफदरजंग रोड स्थित यह बंगला माधवराव सिंधिया को 1980 में मिला था।उस समय वे तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की सरकार में मंत्री थे। माधवराव सिंधिया इस बंगले में 1980 से लेकर साल 2001 तक रहें।2001 में विमान हादसे में मृत्यु के बाद ज्योतिरादित्य गुना से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे।जिसके बाद यह बंगला उनके परिवार के पास ही रहा।वे इस बंगले में 2019 तक रहे।2019 में लोकसभा चुनाव हारने पर ज्योतिरादित्य को ये बंगला खाली करना पड़ा था।*

### वन-टू-वन

## अब 5 दिन सताएगी उमस भरी गर्मी

### 15 अगस्त के बाद फिर हो सकती है बारिश

**भोपाल ।** राजधानी में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। शहर में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से बारिश का दौर लगातार चल रहा था, लेकिन गुरुवार को धूप खिली तो लोग सुबह से ही धूप का आनंद उठाते नजर आए। हालांकि इसके पहले बुधवार को भी हल्की धूप खिली थी। बारिश का दौर थमने और धूप खिलने के बाद शहर के अधिकतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी हो गई। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में कोई वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में भी कोई सिस्टम मौजूद नहीं है। इस वजह से बादल छंटने लगे हैं। धूप निकलने से अधिकतम तापमान बढने लगा है। वातावरण में नमी मौजूद रहने से उमस सताने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी पांच दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है।

### 15 अगस्त के बाद बदलेगा मौसम

15 अगस्त के दिन सिर्फ हल्की-फुल्की बारिश हो सकती है, कहीं तेज बारिश की संभावना अभी तक नहीं है। अगला सिस्टम 15 अगस्त के बाद ही बनने की उम्मीद है। यह बंगाल की खाड़ी की तरफ से ही हो सकता है, क्योंकि सितंबर में अधिकांश सिस्टम बंगाल की खाड़ी में ही बनते हैं। साथ ही विभाग ने उज्जैन, होशंगाबाद, ग्वालियर-चंबल, भोपाल, शहडोल, जबलपुर, इंदौर, सागर, रीवा संभाग के जिलों में कहीं कहीं बौछारें पडने की संभावना वही रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, होशंगाबाद, रतलाम, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, मुरैना और श्योपुर जिलों में बारिश की बौछारे पड़ सकती हैं।

## जनजातीय महिलाएं वृक्ष बंधन परियोजना के अंतर्गत देशी पेड़ों के बीज से राखी बना रही

**नई दिल्ली ।** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने एक अनूठी पहल करते हुए आर्ट ऑफ लीविंग की साझेदारी में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में वृक्ष बंधन परियोजना लॉन्च की। इसमें 1100 जनजातीय महिलाएं रक्षा बंधन के लिए देशी पेड़ों के बीज से राखी बना रही हैं। यह वन क्षेत्र बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में अनोखा योगदान है। यह पहल अक्टूबर 2020 में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आर्ट ऑफ लीविंग को दी गई परियोजना स्वीकृति का हिस्सा है जिसमें औरंगाबाद के 10 गावों के 10,000 जनजातीय किसान गो आधारित कृषि तकनीक पर आधारित सतत प्राकृतिक कृषि के बारे में प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। महिला किसान मंच की 1100 सदस्यों ने देशी बीजों से राखी बनाने की बात सोची। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने परियोजना को आकर्षक बनाने के लिए वर्चुअल समारोह का आयोजन किया जिसमें आर्ट ऑफ लीविंग के श्री श्री रविशंकर भी उपस्थित थे। आदिवासी किसान महिला मंच की महिलाओं ने बीज से बनी राखी के कई नमूने दिखाए और राखी बनाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से वर्चुअल समारोह में संयुक्त सचिव डॉ. नवल जीत कपूर तथा संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार सुश्री यतिंदर प्रसाद शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. कपूर ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत, जनजातीय किसानों में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करने के विजन से जुड़ी हुई है। गौ आधारित परंपरागत खेती संबंधी परियोजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के परंपरागत पारिस्थितिकीय ज्ञान का संरक्षण करना और पुनर्जीवित करना तथा रासायनिक कृषि के नकारात्मक प्रभाव से उनकी रक्षा करना है।

### लोगों के सामने खाने पीने की समस्या

## चम्बल की बाढ़ नही बर्बादी बनी हमारी आफत

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह / कहने को तो कुंवारी एवं चम्बल की बाढ़ में डूबे गांवो की फसल एवं उनका घर सामान पशुओं आदि पर गाज गिरी एवं उनका नुकशान हुआ है कितने लोग बेघर हो गए न जाने कितनों ने जान गवाई लेकिन आज बाढ़ की स्थिति सामान्य है लेकिन अब लोगों के सामने समस्या खाने पीने की आ रही हैं क्योंकि बाढ़ की तवाही में उनका सब कुछ बह गया ऐसा ही दृश्य एक पीपरीपुरा गांव का मीडिया ने जा कर देखा तो वहाँ के लोगो ने बताया कि बाढ़ में हमारा भूसा फसल सब कुछ बह गया अब हमारे पशुओं के लिए चारे की भी व्यवस्था नही है बलबीर सिंह तोमर ने कहा कि हमारे गांव के कुछ लोग तो इतने गरीब है जिनका भूसा एवं फसल बर्वाद हुई उनके भुस के कूप कुआँ पर लगे तो और बाढ़ की सूचना प्रशासन ने दी नही थी कि



पानी इतना अधिक आएगा सामान खाली कर ले रात में पानी आ गया और लोगो के भुस के कूप के कूप बह गए इन बेचारे गरीबो के पास तो इतनी जमीन भी नही है ये उगाई पर एवं बटिया पर लोगो के खेत ले लेकर पूरी साल का राशन अपने पशुओं के लिए रखते थे अब क्या करे सरकार हमको इतना मुआवजा भी नही दे सकती हैं साथ ही बाढ़ की तबाही में हमारे खेतों की उपजाऊ मिट्टी कट कट कर बह गई इसमें अब कई सालों तक फसल भी नही होगी हमने जो देशी खाद दिया वो बह गया सरकार क्या देगी हमको हम तो बस यही चाहते है कि हमारे लोगो के जीवकोपार्जन के लिए सरकार इनकी व्यवस्था कर दे ऐसी हम सरकार से उम्मीद लगाए हैं।

## 3 सूत्री मांगों को लेकर पटवारियों ने किया कलम बंद हड़ताल का आगाज




**मोहन मांझी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

गोहद-म0प्र0 पटवारी संघ के आहवान पर चरणवद्ध आन्दोलन के क्रम में तीन सूत्रीय मांगों हेतु तहसील गोहद के समस्त पटवारियों ने तहसील गोहद के प्रागंण में कलमबंद हड़ताल का आगाज किया एवं प्राकृतिक आपदा (वाद, अतिवृष्टि आदि) में किसानों के साथ हड़ताल अवधि में खड़े रहेंगे एवं उनके आर्थिक सहायता हेतु सभी कार्य करेंगे 7 परन्तु भू-अभिलेख एवं अन्य कार्यो का पूर्ण रूप से वहिष्कार किया जाएगा हड़ताल के समय तहसील गोहद के तहसील अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, संघर्ष समिती अध्यक्ष प्र. महेन्द्रप्रताप सिंह, उपाध्यक्ष शैनन्द शर्मा, कोषाध्यक्ष आदित्य कुशवाह, प्रवक्ता अनितपाल, उपाध्यक्ष राजकुमार पावक, देवेश तोमर, सौरभ मिश्रा, आशीष संगेर, संदीप जैन, अजय विमल, अरविन्द चौरसिया, रविन्द्र उपाध्याय, प्रशांत शर्मा, मनीष शर्मा, राकेश पाण्डे, संतोष राजपूत निशा ,रुचि, शिवानी, मेघा दुवै एवं अन्य पटवारीगण मोजूद रहे।



## आज मनाई जाएगी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जयंत

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पोरसा ़ बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि राठौर युवा मंडल एवं वरिष्ठ मंडल राठौर समाज पोरसा के तत्वधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर शिरोमणि राष्ट्रवीर दुर्गादास जी राठौर की 383वी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी अतः सभी समाज बंधुओं से अपील की जाती है कि 13 अगस्त दिनांक शुक्रवार सुबह 9़00 बजे माधव सी डी के डी एक्सीलेंस स्कूल अटेर रोड पोरसा में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं धन्यवाद ़संयोजक ़ राठौर युवा मंडल पोरसा मुरैना मध्य प्रदेश नोटट्ठ कोविड-19 के नियमों का पालन जरूर करें।

## आगरा की एक और क्रिकेटर, भारतीय महिला राशि कनौजिया क्रिकेट कैंप के लिए चयनित

महिला क्रिकेटर राशि कनौजिया का चयन भारतीय महिला क्रिकेट शिविर के लिए किया गया है। शिविर 12 अगस्त से बेंगलुरु में लगेगा। सितंबर में प्रस्तावित आस्ट्रेलिया दौरे के लिए बीसीसीआइ ने 30 संभावित महिला खिलाड़ियों का चयन किया है, जिसमें आगरा की महिला खिलाड़ी राशि कनौजिया भी शामिल हैं।

आगरा महिला क्रिकेट की प्रेरणा स्रोत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हेमलता काला, प्रीति डिमरी, पूनम यादव, दीप्ति शर्मा के बाद राशि कनौजिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की संभावित खिलाड़ियों में जगह बनाई है। पूर्व में राशि भारतीय महिला-ए टीम की ओर से बांग्लादेश और श्रीलंका का दौरा कर चुकी हैं। राशि कनौजिया लेफ्ट आर्म आर्थोडाक्स स्पिनर हैं। राशि उप्र की महिला सीनियर टीम की उप कप्तान और अंडर-23 उप्र की कप्तान भी रह चुकी हैं। मूल रूप से आगरा के नामनेर निवासी राशि कनौजिया




की मां राधा कनौजिया शिक्षिका हैं। राशि की मां राधा और पिता अशोक कनौजिया ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारी बेटी का चयन भारतीय महिला टीम की संभावित खिलाड़ियों में किया गया है।

हेमलता काला और नीतू डेविड को अपना आदर्श मानने बाली राशि ने कहा कि हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने देश के लिए खेले। यह मेरे लिए एक शानदार अवसर है। कोविड-19 के बीच में काफी कठिन परिश्रम किया है। आगे मेरा लक्ष्य है कि मैं और कठिन परिश्रम जारी रखूं और अपने देश के लिए खेलूं।

राशि कनौजिया के चयन पर अखिल भारतीय रजक महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र रजक हिलौन्धा,रीवा सभांग उपाध्यक्ष लष्मीकांत अभिलाष रजक सरपंच बरेठिया,सतना संयोजक कृष्णपाल रजक दादू हिलौन्धा,सतना जिला अध्यक्ष सधीरन प्रसाद रजक,युवा जिला अध्यक्ष सतीशराज रजक,जिला सचिव राजेन्द्र रजक बदेरा,युवा ब्लॉक अध्यक्ष सतीश रजक अटरा ने हर्ष व्यक्त किया एंव शुभकामनाएं दी।

### श्री श्री 1008 बालक नाथ महाराज की प्रेरणा से

# गौ माता की सेवा करने का लिया संकल्प

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पाली। राजस्थान पाली जिले के पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत गिराडडा मुख्य रोड पर स्थित श्री चारभुजा गौशाला संस्थापक भीकाराम देवासी ने बताया कि श्री श्री 1008 बालक नाथ महाराज की प्रेरणा से गौ माता की सेवा करने का लिया संकल्प।

भीकाराम देवासी खुद बीपीएल श्रेणी का सदस्य होते हुए पाली के बाजार में चाय की थड़ी चलाते-चलाते वर्तमान समय में पर्यावरण के साथ-साथ गौ माता के लिए समर्पित हुए। गरीब वर्ग परिवार का सदस्य चाय की थड़ी से श्री श्री 1008 बालक नाथ महाराज उंदरा फाटा की असीम कृपा और महाराज की प्रेरणा से श्री चारभुजा गौशाला नीव रखी गई। देवासी ने कहा कि किसी भी काम को करने के लिए दृढ़ संकल्प और मेहनत हो तो उसे कोई भी कर सकता है। श्री चारभुजा गौशाला के प्रथम चरण में मजदूरी



करके जमा की गई पूंजी गौ माता सेवा के साथ वृक्षारोपण हेतु शुभ कार्य की शुरुआत की। गिराडडा गांव में वृक्षारोपण की मुहिम चलाकर घर घर से सहयोग लेकर 1000 वृक्ष लगाए गए। पर्यावरण बचाओ के संदेश से प्रेरित होकर ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। भीकाराम देवासी ने गोवंश को बीमार अवस्था में लगातार 1 सप्ताह तक देखते देखते मन में लिया दृढ़ संकल्प कि मानव जीवन को सफल बनाने के लिए बेजुबान मुक बधिर पशुओं की सेवा करना ही जीवन सर्वोपरि हैं। इस संकल्प के आधार पर वर्तमान समय में लगभग 400 बेजुबान गौ माता सहित नंदी की सेवा कर रहे हैं।

भीकाराम का जन्म देवासी कुल के मध्यम वर्ग के परिवार हुआ। गौरतलब है कि बीपीएल श्रेणी पत्नी भी मजदूरी करती हैं। और खुद चाय की थड़ी । लेकिन चाय की थड़ी चलाने वाला भीकाराम के दृढ़ संकल्प से जिले के ग्राम गिराडडा मुख्य रोड पर स्थित श्री चारभुजा गौशाला का वर्तमान समय में वर्णन नहीं किया जा सकता है। देवासी ने गौ माता की सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रथम चरण से अब तक विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा हैं। श्री चारभुजा गौशाला की नीव 2015 कार्तिक पूर्णिमा श्री श्री 1008 बालक नाथ महाराज उंदरा चौराहे की प्रेरणा से रखी गई। नीव रखने से पूर्व संपूर्ण ग्राम वासियों के सहयोग से गोपा अष्टमी को गौ माता के नाम धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर के ग्राम वासियों के सर्व सहमति से देवासी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री चारभुजा गौशाला की प्रथम शुरुआत में 2100 रुपए चारा गौ माता को वितरित किया गया। गौशाला में शुरुआत मध्यम गति से शुरुआत हुई लेकिन अब जिले के गिराडडा कि श्री चारभुजा गौशाला की महिमा निराली है।

### श्री चारभुजा गौशाला में इनका रहा सहयोग

विक्रम सिंह जोधा आई जी पी ढाणी। हरिकिशन गहलोत सोजत। नारायण राम लाल सोनी पाली। नवरत्न सोनी पाली। शांतिलाल नाबरिया अध्यक्ष श्री चारभुजा गौशाला गिराडडा। मोती लाल बौहरा भावरी। खीम सिंह राजपुरोहित ग्रुप पाली। देवी सिंह जोधा मण्डली कोषाध्यक्ष श्री चारभुजा गौशाला गिराडडा। विजाराम जोधा जी सीरवी गुलाबपुरा की ढाणी। पिंजरापोल गौशाला। केवल चंद मुथा पाली। गुमान सिंह गिराडडा। ग्रामवासी गिराडडा। सहित समाजसेवी भामाशाह ओं का सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## वन-टू-वन

### शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर बेटी ने बाप पर बंदूक तानी विरोध करने पर माता-पिता को पीटा

**ग्वालियर।** शहर महाराजपुरा थाना क्षेत्र में स्थित डीडी नगर में शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर एक युवक ने अपने पिता के सीने पर बंदूक तान दी। जब पिता को बचाने मां आई तो आरोपी ने माता-पिता की मारपीट कर दी ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के जेपी नगर निवासी सूबेदार सिंह भदोरिया 74 वर्ष पुलिस के रिटायर हवलदार हैं ।बीते रोज अपने कमरे में बैठे थे तभी उनका बेटा शंभू सिंह भदौरिया आया और उनसे शराब के लिए पैसे मांगे। जब उन्होंने पैसे देने से मना किया तो बेटे ने कमरे में जाकर बंदूक उठाई और पिता के सीने पर तान दी ।

### वाहन चोर दबोचा 5 बाइक के बरामद

**ग्वालियर।** शहर की पड़ाव थाना पुलिस ने सड़क किनारे खड़ी बाइक से पेट्रोल निकाल रहे एक युवक को पकड़ा पूछताछ करने पर पता चला कि वह वाहन चोर है ।पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की 5 बाइक बरामद की है ।जानकारी के अनुसार बीती रात पड़ाव थाना पुलिस का गश्ती दल लक्ष्मण पुरा इलाके में गश्त पर था ।तभी ही एक युवक सड़क किनारे खड़ी बाइक से पेट्रोल निकालते दिखा पुलिस को देखकर युवक घबरा गया। पूछताछ की तो उसने बताया कि उसकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया इसलिए निकाल रहा था। पुलिस कोदेख युवक भागने लगा पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम आकाश लखार निवासी गोसपुरा बताया।

### शहीद परिवारों का किया सम्मान

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा समर्पण ने महाराज बाड़े पर नियमित ठीक सुबह 8.30 बजे होने वाले राष्ट्रगान को आज 12अगस्त को 3 वर्ष पूर्ण होने पर 6 शहीद परिवारों का सम्मान किया गया , यह कार्यक्रम आज टाउन हॉल में किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया जी थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ के एस मंगल राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री अजय बंसल राष्ट्रीय समग्र विकास प्रमुख भारत विकास परिषद एवम विजय गुप्ता विभाग संघ चालक व मनोज जैन थे।

### ससुराल में आए युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

ग्वालियर। देहात घाटीगांव थाना क्षेत्र में स्थित मुंशी का पुरा में ससुराल में आए युवक पर तीन युवकों ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार घाटीगांव थाना क्षेत्र के पंचम पुरा निवासी नरेंद्र सिंह अपनी ससुराल मुंशीपुरा आया था ।यहां रास्ते में उसे घीसा शिवली और सुखा मिले इनसे नरेंद्र का पुराना विवाद चल रहा था । इसी पर आरोपियों ने उसकी मारपीट शुरू कर दी और कुल्हाड़ी मार दी जो नरेंद्र के गले में लगी और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी भाग गए।

### कॉग्रेस विधायक डॉ. सिकरवार ने किया भूमि पूजन

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के विधायक डॉ. सतीष सिकरवार ने आज वार्ड क्र.28 हरनाम पुरा बजरिया में संतोषी माता मंदिर प्रांगण में विधायक निधि द्वारा सामुदायिक भवन एवं शोचालय निर्माण के लिये भूमि पूजन किया। साथ ही विधायक द्वारा क्षेत्र के 51 सामाजिक बुर्जुगो को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित करते हूये आषीर्वाद प्राप्त किया कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय नेता सुधीर मंण्डेलिया एवं आभार सुनील रमपुरिया द्वारा किया गया।

### युवाओं ने टीका लगाकर संदेश दिया जंग हम तभी जीत सकते हैं जब हम इसके लिए सतर्क व जागरूक हों: डॉ. पाण्डेय

ग्वालियर। विश्व में भारत युवा प्रधान देश है, जो हमारे लिये गौरव की बात है। कोविड-19 से लड़ने के लिए एक मात्र उपाय वैक्सीनेशन है। जिसके लिये राष्ट्रीय युवा दिवस पर माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वैक्सीनेशन सेन्टर पर युवाओं ने एक साथ मिलकर टीका लगवाया तथा साथ ही लोगों को टीका लगवाने के लिए विक्ट्री का साइन बनाकर जागरूक करने का कार्य भी किया। मध्य भारत शिक्षा समिति द्वारा संचालित माधव महाविद्यालय ग्वालियर वैक्सीनेशन सेन्टर पर टीकाकरण का कार्य वैक्सीनेशन प्रभारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय के नेतृत्व में बडी संख्या में युवाओं को प्रेरित करके किया जा रहा है।

# होटल में तोड़फोड़ की, महिला पर चलाई गोली और कार चालक पर किया हमला

**ग्वालियर।** शहर के अलग-अलग इलाकों में मंगलवार शाम से लेकर बुधवार रात तक मारपीट और तोड़फोड़ की चार घटनाएं हुईं। कुंज विहार कॉलोनी में घर के बाहर बैठी महिला पर बाइक सवार दो गुंडों ने गोली चलाई, जिसमें महिला बाल-बाल बची। महिला ने चेन छीनने का भी आरोप लगाया है। मुरार के होटल में तोड़फोड़ की घटना हुई। वहीं माधोगंज में कार सवार पर हमला हो गया। कार की तोड़फोड़ कर दी। इसी तरह फूलबाग स्थित एक रेस्त्रां में भी मारपीट हुई है।

चारों ही मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसकी बड़ी वजह है, शहर की कई सड़कें अंधेरा होते ही नशेड़ियों का अड्?डा बन जाती हैं। नशे में गोली चलने और मारपीट की घटना लगातार हो रही है।

**फूलबाग स्थित रेस्त्रां में घुसकर मारपीट:** फूलबाग स्थित मोमोज अड्डा रेस्त्रां में घुसकर तीन युवकों ने डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट की। विकास प्रजापति जोमेटो में खाने की डिलीवरी का काम करता है। वह मंगलवार को रेस्त्रां के बाहर खड़ा था। तभी तीन युवक आए। तीनों नशे में थे, उससे अभद्रता की। उसने टोका तो उसकी मारपीट शुरू कर दी। रेस्त्रां के अंदर उसकी मारपीट की। भिंड रोड स्थित कुंज विहार कॉलोनी के रहने वाले अशोक सिसोदिया फौज से रिटायर्ड हैं। उनका बेटा फौज में है। अशोक की पत्नी पुष्पलता मंगलवार शाम को घर के बाहर बैठी हुई थीं। तभी बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। काफी देर तक यह बदमाश उनके घर के पास स्थित मंदिर के पास टहलते रहे। फिर घर के बाहर पहुंचकर गोली चला दी।



पुष्पलता अंदर की तरफ भागीं तो बदमाश चले गए। उन्होंने चेन लूटने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने गोली चलाने के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। गोला का मंदिर थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि फरियादिया का स्कूल संचालक से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। चेन लूटने की पुष्टि नहीं हुई। मुरार स्थित बड़ागांव हाइवे के पास निरंजन किरार का होटल है। उनके होटल पर बड़ागांव निवासी रविंद्र राणा अपने साथी मुकेश, विनोद व अन्य लोगों के साथ जन्मदिन मनाने आया था। मंगलवार रात को यह लोग शराब पीकर हंगामा करने लगे। जब निरंजन और उनके स्टाफ ने टोका तो इन लोगों ने हमला कर दिया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। रविंद्र और उसके साथियों ने होटल में तोड़फोड़ भी कर दी। रात 2 बजे दोनों पक्षों की शिकायत पर मुरार पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है। गुढ़ा-गुढ़ी का नाका के रहने वाले रमन पुत्र भगवानदास कुशवाह अपनी कार से बीती रात घर जा रहे थे। उन्हें संदीप उर्फ संजू गुर्जर ने घेर लिया। उनके साथ मारपीट की और कार की तोड़फोड़ की।

### खुद को किन्नर बताने वालों ने रेलवे स्टेशन पर किया हंगामा

**ग्वालियर।** खुद को किन्नर बताने वाले तीन लोगों ने रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय के बाहर बीती रात जमकर हंगामा किया। आरपीएफ के टीआई आनंद स्वरूप पांडेय ने बताया कि किन्नर यात्रियों से जबरन वसूली कर रहे थे। पैसे नहीं देने पर अभद्र व्यवहार कर रहे थे। इस तरह की शिकायत मिली तो आरपीएफ ने तीन किन्नरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। साथ ही बुधवार को सुबह जमानत पर छोड़ दिया।

### आटो पर सब्सिडी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 62 हजार की ठगी

**ग्वालियर।** एक युवक को सीएनजी आटो फाइनेंस कराकर उस पर सब्सिडी दिलवाने के नाम पर 3 लाख 62 हजार रुपये ठग लिए। पड़ाव थाना पुलिस ने आरापियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विरावली निवासी भैयन पुत्र मम्मू खान पहले से रामकुमार गोयल व रेखा गोयल से परिचित था। आरोपी ने भैयन को बताया कि सीएनजी आटो फाइनेंस कराने पर सरकार अच्छी खासी सब्सिडी दे रही है। आरोपितों ने फरियादी को बताया कि सीएनजी आटो फाइनेंस कराने व सब्सिडी लेने के लिए पहले कुछ पैसा इन्वेस्ट करना पड़ेगा। आरोपितों ने 20 मार्च 2021 को फूलबाग चौराहे के पास बुलाकर फरियादी से 3 लाख 61 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद फरियादी सीएनजी आटो फाइनेंस कराने के लिए आरोपित के घर के चक्कर लगा रहा है।

## बारिश थमने के कारण तिघरा बांध के पानी का मटमैलापन कम हुआ; 20 से घटकर 12.2 एनटीयू पर आई टर्बिडिटी



**ग्वालियर।** बारिश थमने का असर तिघरा बांध से आने वाले पानी पर दिखाई देने लगा है। अब मोतीझील और तिघरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में मटमैला पानी कम आ रहा है। बुधवार को तिघरा से आए रॉ वाटर का परीक्षण करने पर नेफलो मैट्रिक टर्बिडिटी यूनिट (एनटीयू) 12.2 पर आकर ठहर गई। पानी साफ नजर आने पर तीनों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर एलएम 15 पर्टिकुलर पर मिनट (पीपीएम) व चूना का 10 पीपीएम का डोज दिया गया।

इधर प्रभारी आयुक्त मुकुल गुप्ता ने बुधवार को बाल भवन में सभी विभागों की एक बैठक बुलाई। उनका मुख्य रूप से फोकस साफ पानी देने और सीएम हेल्पलाइन का समय पर निराकरण करने पर रहा। उन्होंने निर्देश दिए कि शुद्ध पानी सप्लाई होना चाहिए। पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर चल रहा था। अपर ककैटो, ककैटो व पेहसारी बांध लबालब हो चुके थे। जल संसाधन विभाग ने ककैटो व पेहसारी बांध का पानी नहर के रास्ते तिघरा के लिए छोड़ दिया था। इससे तिघरा में मटमैला पानी आ गया। यही पानी विभाग ने ग्रेविटी पाइप लाइन से मोतीझील व तिघरा प्लांट पर पहुंचाया। कई प्रयासों के बाद भी मटमैला पानी शहर में सप्लाई हो गया। 105 तक पहुंची टर्बिडिटी अब 12.2 एनटीयू पर आ गई है। इससे पीएचई का अमला राहत महसूस कर रहा है।

**तीन दिन में व्यवस्थाओं को सुधारें:** प्रभारी आयुक्त गुप्ता ने पेयजल, साफ-सफाई, सीवर, प्रकाश, सीएम हेल्पलाइन आदि की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त, रक्षाबंधन और मोहर्रम को ध्यान में रखा जाए। तीन दिन में सभी व्यवस्थाओं में सुधार करें। सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर आयुक्त राजेश श्रीवास्तव, संजय मेहता, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, आरएलएस मौर्य आदि शामिल थे।

**प्रभारी निगमायुक्त ने गंदे पानी पर अलग से बैठक बुलाई:** प्रभारी आयुक्त गुप्ता ने समीक्षा बैठक में साफ पानी सप्लाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद शाम को अलग से पीएचई विभाग के इंजीनियरों की बैठक बुलाई। उन्होंने पीएचई के अधिकारियों से कहा कि हर हाल में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से साफ पानी आना चाहिए। वहां के सेटलिक टैंकों का भी परीक्षण कराया जाए।

वार्डों की जिम्मेदारी निभाने वाले इंजीनियर मैदान शिकायत मिलते ही क्षेत्रों में पहुंचे। उस जगह पानी की लाइन का परीक्षण कराएं। यदि गंदा पानी आ रहा है, तो तत्काल समस्या का निदान किया जाए।


















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478